


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22
सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 14 अंक - 124 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, गुरूवार 16 फरवरी 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास खबर...

### त्रिपुरा विधानसभा चुनाव: 60 सीटों 259 प्रत्याशी मैदान में वोटिंग जारी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** त्रिपुरा की सभी 60 विधानसभा सीटों पर आज वोट डाले जा रहे हैं। इस बार चुनाव में इन 60 सीटों पर 259 प्रत्याशी मैदान में हैं। भाजपा के 55 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। बाकी पांच सीटें भाजपा ने सहयोगी आईपीएफटी के लिए छोड़ी हैं। कांग्रेस और सीपीआई (एम) का गठबंधन हुआ है। इसके तहत सीपीआई (एम) 43 और कांग्रेस 13 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। एक सीट पर निर्दलीय को समर्थन दिया है। वहीं, एक-एक सीट पर लेफ्ट की बाकी पार्टियां चुनाव लड़ेंगी।

त्रिपुरा के राजशाही परिवार से ताल्लुक रखने वाले प्रद्योत बिक्रम की नई पार्टी टिपरा मोथा भी इस बार चुनावी मैदान में है। टिपरा मोथा ने 42 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। ममता बनर्जी की टीएमसी 28 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इसके अलावा 58 उम्मीदवार निर्दलीय ताल ठोक रहे हैं। ऐसे में नॉर्थ ईस्ट के इस छोटे से राज्य का चुनाव काफी रोचक हो गया है।

अब चुनाव में आधी आबादी की भूमिका भी देख लेते हैं। त्रिपुरा में कुल 28.13 लाख वोटर्स हैं। इनमें 13 लाख 98 हजार 825 महिलाएं हैं और 14 लाख 14 हजार 576 पुरुष हैं। मतलब महिला वोटर्स की संख्या करीब-करीब पुरुषों के बराबर ही है। हालांकि, महिलाओं को टिकट देने के मामले में जरूर राजनीतिक पार्टियां पीछे रहीं। 259 में से केवल 30 प्रत्याशी महिलाएं हैं। राजनीतिक पार्टियों ने तो काफी कम महिलाओं को टिकट दिया है।

### छत्तीसगढ़ के डीजीपी अशोक जुनेजा ने एनआईए के डीजी को लिखा पत्र

# बस्तर में तीन भाजपा नेताओं की हत्या, एनआईए से जांच की मांग

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रायपुर। छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में लगातार हो रही जनप्रतिनिधियों की हत्या के मामले में छत्तीसगढ़ सरकार एक्शन मोड़ में हैं। हाल के दिनों में हुई तीन भाजपा नेताओं की हत्या के मामले में छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक ने ह्ढ्ढ से जांच की मांग की है। इस मामले में छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने एनआइए के डीजी को पत्र लिखा बस्तर में हो रही जनप्रतिनिधियों के हत्या के मामले की जांच की मांग की है।

छत्तीसगढ़ के डीजीपी अशोक जुनेजा ने कहा है कि केंद्रीय सुरक्षा बल और राज्य पुलिस के प्रयास से विगत वर्षों में नक्सली उन्मूलन में काफी सफलता मिली है। इस सफलता से माओवादियों का इलाका लगातार सिकुड़ने लगा है और नक्सलियों में बौखलाहट भी दिख रही है। यही कारण है कि नक्सली अब आम लोगों को निशाना बना रहे हैं। आम लोगों व जनप्रतिनिधियों पर पुलिस का साथ देने का आरोप लगाते हुए उनकी हत्या कर रहे हैं। बीते दिनों भाजपा के तीन नेताओं की हत्या भी इसी बौखलाहट का नतीजा है। अब इस मामले में छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने एनआईए के महानिदेशक को पत्र लिखकर जांच की मांग की है।



### सरकार ने सुरक्षा और विश्वास को लेकर किया कार्य

बस्तर को लेकर चार वर्ष पहले तक देश में कई भ्रांतियां थीं। लेकिन इन चार वर्षों में सरकार ने सुरक्षा और विश्वास को लेकर कार्य किया है। इस दौरान बस्तर क्षेत्र में विकास के कार्य हुए हैं। इस दौरान नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के बंद पड़े स्कूलों को फिर से प्रारंभ किया गया, नए अस्पताल खोले गए, ग्रामीणों के लिए पानी और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई गयीं। प्रत्येक गांव में राशन दुकान खोले गए हैं। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में किसानों को वन अधिकार पट्टों का वितरण किया गया है और आदिवासियों को उनकी जमीनें वापस कराई गई है।


### 555 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

बीते वर्ष सरकार के द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्यों से प्रभावित होकर और छत्तीसगढ़ पुलिस के संवेदनशील व्यवहार के कारण 555 नक्सलवादियों ने आत्मसमर्पण किया है जो एक बड़ी सफलता है। इसी दौरान 46 नक्सलवादियों की पुलिस मुठभेड़ में मौत भी हुई है। बीते चार वर्षों में नक्सल पीड़ित क्षेत्रों में 900 से अधिक परिवारों को मुकदमों से मुक्ति दिलाई जा चुकी है जो सरकार की आदिवासियों के हित में दूरदर्शी सोच और पुलिस की संवेदनशीलता से संभव हो पाया है।

### भयमुक्त शासन व्यवस्था के लिए सरकार प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सरकार भयमुक्त एवं विधिसम्मत शासन व्यवस्था प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने अपराध पर लगाम लगाए जाने और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस के संवेदनशील रवैये के साथ नक्सलवादियों के आत्मसमर्पण के लिए छत्तीसगढ़ पुलिस की तारीफ की है। उन्होंने कहा है कि विकास,विश्वास और सुरक्षा की रणनीति के कारण ही प्रदेश में नक्सली हिंसा की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगी है। गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा है कि छत्तीसगढ़ राज्य में पिछले चार वर्षों में नक्सली उन्मूलन को लेकर लगातार कार्य किए जा रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा पुलिस आधुनिकीकरण के कार्य किए जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ शासन नक्सलियों के खिलाफ पुलिस को आधुनिक हथियार, सुरक्षा उपकरण, आवश्यक प्रशिक्षण एवं वाहन उपलब्ध करा रही है।

# जीएसटी बकाया पर सीएम बघेल का केन्द्र पर हमला, कहा-प्रतिवर्ष हो रहा 6000 करोड़ का नुकसान



श्रीकंचनपथ

**रायपुर।** जीएसटी क्षतिपूर्ति की बकाया राशि को लेकर छत्तीसगढ़ सरकार व केन्द्र सरकार के बीच खींचतान जारी है। कई मौकों पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केन्द्र सरकार से राशि की मांग कर चुके हैं। छत्तीसगढ़ सरकार को केन्द्र से जीएसटी का बकाया कई करोड़ रुपए लेने हैं। लेकिन केन्द्र सरकारी राज्यों को बकाया राशि जारी नहीं कर रही है। ताजा मामले में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केन्द्र व छत्तीसगढ़ की पूर्व भाजपा सरकार पर हमला किया है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गुरुवार को अपने ऑफिशियल ट्विटर हैंडल पर केन्द्र सरकार पर हमला करते हुए कहा कि ट्रबल इंजन ने 2017 में केंद्र सरकार के दबाव में जीएसटी बिल पर ऐसी शर्तों के तहत स्वीकृति दे दी जो पूर्णत: राज्य के हितों के विरुद्ध थी। उसका दुष्परिणाम है कि राज्य को 6000 करोड़ प्रतिवर्ष की क्षति हो रही है। रमन सरकार का यह अपराध क्षमायोग्य नहीं है, जनता कभी माफ नहीं करेगी।

### पीएम मोदी ने किया 'आदि महोत्सव' का उद्घाटन स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा को दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के मेजर ध्यान चंद राष्ट्रीय स्टेडियम में 'आदि महोत्सव' का उद्घाटन कर दिया। इस मौके पर जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा उनके साथ रहे। पीएम मोदी ने यहां स्वतंत्रता सेनानी और आदिवासी नेता बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि दी। इस कार्यक्रम में जनजातीय संस्कृति, शिल्प, खान-पान, वाणिज्य और पारंपरिक कला को प्रदर्शित किया जा रहा है। जनजातीय समुदायों की ओर से उपजाए जाने वाले श्री अन्न, इस कार्यक्रम का केंद्र बिंदु रहेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने अपना संबोधन भी दिया। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने आदिवासी समाज के विरासत से लेकर विकास पर चर्चा की। लोगों को संबोधित करते हु पीएम मोदी ने कहा कि 'आदि महोत्सव' विकास और विरासत के विचार को और अधिक जीवंत बना रहा है। जो पहले खुद को दूर-सुदूर समझता था अब सरकार उसके द्वार जा रही है, उसको मुख्यधारा में ला रही है। आदिवासी समाज का हित मेरे लिए व्यक्तिगत रिश्तों और भावनाओं का विषय है। पीएम मोदी ने कहा कि मैंने देश के कोने कोने में आदिवासी समाज और परिवार के साथ अनेक सप्ताह बिताए हैं। मैंने आपकी परंपराओं को करीब से देखा भी है, उनसे सीखा भी है और उनको जिया भी है। आदिवासियों की जीवनशैली ने मुझे देश की विरासत और परंपराओं के बारे में बहुत कुछ सिखाया है।

# रेलवे ने बदल दिया कई ट्रेनों का रूट यात्रा करने से पहले जान ले ट्रेनों का हाल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रेलवे द्वारा अपग्रेडेशन व तीसरी-चौथी लाइन के लिए नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य लगातार किया जा रहा है। इसी कड़ी में दक्षिण मध्य रेलवे सिकंदराबाद रेल मंडल के अंतर्गत मकूड़ी-विरूर स्टेशनों के बीच तीसरी रेल लाइन का कार्य के लिए नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाएगा। इस कार्य 24 फरवरी तक करना किया जायेगा। इसके कारण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संबंधित कुछ गाडियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। वहीं दक्षिण मध्य रेलवे की कुछ ट्रेनों को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के स्टेशनों से होकर अपने डेस्टिनेशन के लिए रवाना किया जाएगा।

### इन ट्रेनों का बदला गया है रूट

विशाखापटनम से चलने वाली 20805 विशाखापटनम-नईदिल्ली एक्सप्रेस ट्रेन 24 फरवरी, 2023 तक राजमंड्री-विजयवाड़ा-बल्हारशाह-नागपुर-ग्वालियर रेल मार्ग के स्थान पर यह गाड़ी परिवर्तित मार्ग विजयनगरम जंक्शन-रायगड़ा-टिटलागढ़-रायपुर-नागपुर होकर चलेगी।

नईदिल्ली से चलने वाली 20806 नईदिल्ली- विशाखापटनम एक्सप्रेस ट्रेन 24 फरवरी 2023 तक ग्वालियर-नागपुर-बल्हारशाह-विजयवाड़ा-राजमंड्री रेल मार्ग के स्थान पर यह गाड़ी परिवर्तित मार्ग नागपुर-रायपुर-टिटलागढ़-रायगड़ा- विजयनगरम जंक्शन होकर चलेगी।

विशाखापटनम से चलने वाली 20803 विशाखापटनम-गाधीधाम एक्सप्रेस ट्रेन 23 फरवरी 2023 तक राजमंड्री-विजयवाड़ा-बल्हारशाह-नागपुर-ग्वालियर रेल मार्ग के स्थान पर यह गाड़ी परिवर्तित मार्ग विजयनगरम जंक्शन-रायगड़ा-टिटलागढ़-रायपुर-नागपुर होकर चलेगी।

19 फरवरी, 2023 को गाधीधाम से चलने वाली 20804 गाधीधाम- विशाखापटनम एक्सप्रेस ट्रेन अहमदाबाद-सूरत-बल्हारशाह-वरंगल-विजयवाड़ा-राजमंड्री रेल मार्ग के स्थान पर यह गाड़ी परिवर्तित मार्ग नागपुर-रायपुर- टिटलागढ़- विजयवाड़ा होकर चलेगी ।

19 फरवरी 2023 को पूरी से चलने वाली 20819 पूरी-ओखा एक्सप्रेस ट्रेन खुरधा रोड-विशाखापटनम-विजयवाड़ा-बल्हारशाह-बडनेरा जंक्शन-सूरत रेल मार्ग के स्थान पर यह गाड़ी परिवर्तित मार्ग विजयनगरम जंक्शन-रायगड़ा-टिटलागढ़-रायपुर-नागपुर होकर चलेगी।

24 फरवरी 2023 तक ओखा से चलने वाली 20820 ओखा-पूरी एक्सप्रेस ट्रेन सूरत-बडनेरा जंक्शन-बल्हारशाह-विजयवाड़ा-विशाखापटनम-खुरधा रोड रेल मार्ग के स्थान पर यह गाड़ी परिवर्तित मार्ग नागपुर-रायपुर-टिटलागढ़- रायगड़ा-विजयनगरम जंक्शन होकर चलेगी।

17 से 24 फरवरी, 2023 तक सिकंदराबाद से चलने वाली 07256 सिकंदराबाद-पटना एक्सप्रेस ट्रेन काजीपेट-बल्हारशाह-नागपुर-गोंदिया-झारसुगुड़ा रेल मार्ग के स्थान पर यह गाड़ी परिवर्तित मार्ग विकाराबाद जंक्शन- परली वैजनाथ- पूर्णा जंक्शन-अकोला-वर्धा-नागपुर होकर चलेगी।

20 एवं 22 फरवरी, 2023 को पटना से चलने वाली 03253 पटना -सिकंदराबाद एक्सप्रेस ट्रेन गया-झारसुगुड़ा-गोंदिया-नागपुर-बल्हारशाह रेल मार्ग के स्थान पर यह गाड़ी परिवर्तित मार्ग नागपुर-वर्धा-अकोला-पूर्णा जंक्शन-परली वैजनाथ-विकाराबाद जंक्शन होकर चलेगी।

22 फरवरी 2023 को हैदराबाद से चलने वाली 07255 हैदराबाद -पटना एक्सप्रेस ट्रेन सिकंदराबाद-काजीपेट-नागपुर-गोंदिया-बिलासपुर-झारसुगुड़ा-रांची रेल मार्ग के स्थान पर यह गाड़ी परिवर्तित मार्ग मेडचल-निज़ामाबाद जंक्शन- मुदखेड़ जंक्शन-आदिलाबाद- माजरी जंक्शन होकर चलेगी।

# ट्रक की ठोकर से स्कूटी सवार की मौत, चालक गिरफ्तार

**भिलाई।** कुम्हारी थाना क्षेत्र में गुरुवार को बड़ा हादसा हो गया। नेशनल हाइवे पर इंद्रप्रस्थ होटल के पास तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से स्कूटी सवार की मौत हो गई। स्कूटी सवार रायपुर का रहने वाला था और वह अपने घर जा रहा है। इस दौरान रायपुर की ओर जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद ट्रक चालक फरार हो गया। कुम्हारी पुलिस ने घेराबंदी कर चालक को गिरफ्तार कर ट्रक को जब्त कर लिया है।

कुम्हारी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह 11:45 बजे एनएच पर इंद्रप्रस्थ होटल के सामने स्कूटी क्रमांक सीजी 04 एचयू 7769 को ट्रक क्रमांक सीजी 04 एमएस 7963 के चालक ने ठोकर मार दी। हादसे में स्कूटी चालक के सिर पर गंभीर चोट आई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा। मृतक की पहचान रायपुर कोटा निवासी उमेश बंजारे के रूप में हुई। हादसे के बाद ट्रक चालक फरार हो गया। कुम्हारी पुलिस ने घेराबंदी कर ट्रक चालक नरेन्द्र यादव को गिरफ्तार कर ट्रक को जब्त कर लिया है।

# हेवी ब्लास्टिंग की चपेट में आने से छात्रा की मौत, सीएम ने दिए कठोर कार्रवाई के निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**अंबिकापुर।** जशपुर जिले में कुनकुरी से लगे मयाली में बुधवार शाम पत्थर खदान में हेवी ब्लास्टिंग से पार्क में घूमने गई किशोरी चपेट में आ गई और उसकी मौके पर मौत हो गई। पत्थर खदान से उड़कर आए पत्थर से किशोरी के सिर के परखच्चे उड़ गए। मृत किशोरी कक्षा 12 वीं की छात्रा थी। जहां यह घटना हुई, उस पार्क का शुभारंभ 13 फरवरी को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया था। जशपुर कलेक्टर ने मामले में संबंधितों पर एफआईआर दर्ज करने का आदेश दे दिया है। उधर, इस मामले को सीएम बघेल ने गंभीरता से लेते हुए ठोस कार्रवाई के आदेश दिए हैं।



मिली जानकारी के अनुसार कुनकुरी के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मयाली में पार्क के पास स्थित एक पत्थर खदान में बुधवार शाम हेवी ब्लास्टिंग की गई। हेवी ब्लास्टिंग के कारण उड़ा एक बड़ा पत्थर मयाली पार्क में घूमने आई किशोरी केश्वरी बाई के सिर में जा लगा। पत्थर लगने से किशोरी के सिर के परखच्चे उड़ गए और उसकी मौके पर मौत हो गई। मृत किशोरी खटांगा गांव की निवासी थी और हायर सेकेंडरी स्कूल चरईडांड में 12 वीं की छात्रा थी। मयाली धार्मिक स्थल भी है। यहां स्कूल भी हैं, फिर भी चार पत्थर खदानों की स्वीकृति कैसे दी गई, इसका लोग पूर्व से विरोध भी करते रहे हैं।

एसपी डी.रविशंकर ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि संबंधितों के खिलाफ एफआईआर की जाएगी। मामले की जांच की जा रही है। कलेक्टर ने दिया एफआईआर का आदेश- मामले को जशपुर कलेक्टर रवि मित्तल ने गंभीरता से लेते हुए संबंधित ठेकेदार एवं खदान मैनेजर के खिलाफ एफआईआर का आदेश दिया है। कलेक्टर ने मामले में जांच कमेटी बनाई है। जांच रिपोर्ट आने के बाद खदानों पर कार्रवाई होगी।

### सीएम ने लिया संज्ञान, कठोर कार्रवाई के आदेश



कुनकुरी मयाली के पास पत्थर खदान में हुई ब्लास्टिंग को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से गंभीरता से लिया है। उन्होंने जशपुर कलेक्टर को क्रशर मालिक के खिलाफअपराध दर्ज करने के साथ ही कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने इसे गंभीरता से लिया और संबंधित दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के सख्त निर्देश दिए हैं। कलेक्टर रवि मित्तल ने कहा कि प्रभावित परिवार को जिला प्रशासन हर संभव सहायता करेगा। प्रभावित परिवार के परिजनों को 10 लाख मुआवजा दी जाएगी। कलेक्टर ने खदान को सील करने के सख्त निर्देश दिए हैं। अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में जॉच समिति भी गठित करने का निर्देश दिया गया है।

# जो कौम अपना इतिहास नहीं जानती

श्रीकंचनपथ




आज बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की यह बात रह-रह कर याद आ रही है- 'जो कौम अपना इतिहास नहीं जानती, वह कभी इतिहास नहीं बना सकती।' शायद उन्होंने महसूस किया था कि गहन निराशा के दौर में जहां आपका इतिहास आपमें शौर्य और साहस जगाता है वहीं उत्कट परिस्थितियों में आपको रास्ता भी दिखाता है। जिस कौम को अपना इतिहास नहीं पता वह शाख से टूटे हुए उस सूखे पत्ते की तरह होता है जिसे मंद पवन भी उठाकर कहीं से कहीं फेंक सकती है। लोकतंत्र में बाबा साहेब की यह उक्ति और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। यहां अपने भाग्य का फैसला स्वयं जनता करती है। इसलिए जनता का न केवल जागरूक होना बल्कि जानकार होना भी जरूरी हो जाता है। भारत की आबादी आज एक विचित्र मोड़ पर खड़ी है। इतिहास की उसे बस कुछ धुंधली-धुंधली सी यादें हैं। उसे अपने पिछले 100 साल का इतिहास भी ठीक-ठीक मालूम नहीं। चतुर राजनेता उन्हें रोज एक नई कहानी सुनाते हैं और 'मॉरल ऑफद स्टोरी' भी समझाते हैं। खाली घड़ा चार बूंद पानी से ही छलकने लगता है। यकीन न आ रहा हो तो किसी स्कूली बच्चे से बहस करके देख लो। वह जो भी इतिहास जानता है, उसपर उसे इतना यकीन है कि वह पूरे दावे के साथ अपनी बात रखता है। उसके किशोर मन में इतना जहर भर दिया गया है कि उससे अब कोई भी तर्कसंगत बात नहीं की जा सकती। उसे यह इतिहास कौन सिखा-पढ़ा रहा है, यह जानने तक की हम जरूरत महसूस नहीं करते। थोड़ी सी भी कोशिश करते तो यह पता चल जाता कि इस कूटरचित इतिहास और धर्म की रोज नई व्याख्या के पीछे एक सोची समझी साजिश है। भाव चाहे भय का हो या फिर नफरत का, दोनों ही सोचने-समझने की शक्ति छीन लेते हैं। दोनों ही स्थिति में मनुष्य अपना मानसिक संतुलन खो देता है। ऐसा व्यक्ति किसी आतंकी संगठन के 'स्लीपर सेल' जैसा हो जाता है जिसे जब चाहे नेपथ्य से जगाया जा सकता है, उससे मनचाहा काम करवाया जा सकता है। दरअसल, लोकतंत्र ने सत्ता लोलुपों की राह को कठिन बना दिया है। अब न तो पिता को मारकर बेटा गद्दी नशीन हो सकता है और न ही भाई की हत्याकर भाई सत्ता छीन सकता है। राजा-रजवाड़ों के वो दिन भी लद गए जब किसी भी राज्य पर हमला कर उसके सिंहासन पर कब्जा किया जा सकता था। लोकतंत्र में राजा बनने के लिए प्रजा का ठप्पा चाहिए। प्रजा का विश्वास जीतने में लंबा वक्त लग सकता है किन्तु उसमें नफरत भरकर, फसल जल्दी उगाई जा सकती है। यह एक आसान विकल्प है। कहा भी गया है कि इश्क और जंग में सबकुछ जायज है। यह साजिशों का दौर है जिसके आगे मानववाद, राष्ट्रवाद, देशभक्ति, शहादत सब फीके पड़ जाते हैं। लक्ष्य सिर्फऔर सिर्फसिंहासन है। फर्क सिर्फइतना है कि गद्दी छीनने के लिए पहले राजा का कत्ल होता था, अब जनता के नरसंहार का सामान है।



## संपादकीय

# एयर शो से मजबूती

हर दो साल बाद भारत में होने वाला एयर शो एयरो इंडिया यदि चर्चा में है, तो कोई आश्चर्य नहीं। इसमें 98 देशों की 700 से अधिक रक्षा कंपनियां या उनके प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। यह केवल विमानों या विमानन से जुड़े उत्पादों की विशाल प्रदर्शनी नहीं है, बल्कि इसमें इस बार बड़े-बड़े सौदों को भी अंजाम दिया जा रहा है। विशेष रूप से एयर इंडिया के साथ बोइंग और एयरबस के समझौते की चर्चा चहुंओर है और यह खुशी की बात है कि कोई भारतीय कंपनी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ज्यादा विमानों के साथ प्रतिस्पर्द्धा करने में सक्षम होने वाली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उद्घाटन करते हुए कहा था कि एयरो इंडिया पहले सिर्फ शो या भारत के प्रचार की एक खिड़की हुआ करता था, पर इस बार धारणा बदल गई है। न केवल देखने वाले जुटे हैं, खरीदने वाले भी खूब आए हैं। भारत का झुकाव केवल आयात बढ़ाने पर नहीं, बल्कि रक्षा उत्पादों के निर्यात पर भी है। प्रधानमंत्री ने बताया है, केंद्र सरकार 2024-25 तक रक्षा निर्यात को 1.5 अरब डॉलर से बढ़ाकर पांच अरब डॉलर करने का लक्ष्य बनाकर चल रही है। खास यह कि एयरो शो में इस बार निजी क्षेत्र की बड़ी भूमिका है। रक्षा के अलावा नागरिक उड्डयन क्षेत्र का भी भरपूर योगदान है। भारत में चूंकि खरीदने की क्षमता बढ़ी है, इसलिए यहां ऐसे अमीर बड़ी संख्या में हैं, जो छोटे विमान खरीदने की स्थिति में हैं। विमानन का क्षेत्र पहले सरकारी क्षेत्र के लिए एक तरह से आरक्षित था, पर अब असंख्य भारतीय कंपनियां भी विमानन क्षेत्र में बड़े लक्ष्य के साथ आगे चल रही हैं। बेंगलुरु में आयोजित एशिया के सबसे बड़े इस पांच दिवसीय उड्डयन मेले में अरबों डॉलर के समझौते हो रहे हैं। भारत उड्डयन के मामले में संभावनाओं से भरा देश है। दुनिया में सबसे ज्यादा आबादी वाले देश में उड्डयन सेवाओं में अभी बहुत विस्तार की गुंजाइश है। व्यापकता में देखें, तो एयरो शो में अमेरिकी व अन्य विदेशी कंपनियों ने भी खरीदारी की है या खरीद के समझौते किए हैं। भारत में तैयार हो रहे तेजस विमान व अन्य उत्पादों के भी ग्राहक कम नहीं हैं। भारतीय उत्पादों की बिक्री और प्रचार पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। इस बार एयर शो में सबसे खास यह है कि 80 अरब डॉलर से ज्यादा का समझौता तो एअर इंडिया ने अमेरिकी कंपनी बोइंग और फ्रांसीसी कंपनी एयरबस के साथ किया है। एअर इंडिया बोइंग और एयरबस से 470 विमान खरीदने जा रहा है। भारत से हुई इस मांग से अमेरिका और फ्रांस में खुशी का माहौल है, दोनों देशों के राष्ट्रपति ने भारतीय प्रधानमंत्री से बात करके खुशी का इजहार किया है। यह ऑर्डर इतना बड़ा है कि अमेरिका व फ्रांस में बड़ी संख्या में नौकरियां पैदा होंगी, इसका परोक्ष फायदा भारतीय कंपनियों व युवाओं को भी मिलेगा। इन समझौतों का अपना रणनीतिक महत्व है। भारत अपनी क्षमताओं के अनुरूप लगभग सभी ताकतवर देशों के साथ मिलकर चल रहा है। एक सुरक्षित दुनिया के लिए भी इन देशों के साथ भारतीय हित का जुड़ाव जरूरी है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इस समझौते को पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग की चमकदार मिसाल बताया है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने इसे भारत और फ्रांस की रणनीतिक साझेदारी का नया चरण बताया है। वस्तुत: यह एक बेहतरीन उदाहरण है कि निजी क्षेत्र का व्यवसाय भी विश्व राजनय को प्रभावित करता है। बेशक, इस एयरो शो से देश मजबूत हुआ है।

> “ एअर इंडिया बोइंग और एयरबस से 470 विमान खरीदने जा रहा है। भारत से हुई इस मांग से अमेरिका और फ्रांस में खुशी का माहौल है, दोनों देशों के राष्ट्रपति ने भारतीय प्रधानमंत्री से बात करके खुशी का इजहार किया है। यह ऑर्डर इतना बड़ा है कि अमेरिका व फ्रांस में बड़ी संख्या में नौकरियां पैदा होंगी, इसका परोक्ष फायदा भारतीय कंपनियों व युवाओं को भी मिलेगा। इन समझौतों का अपना रणनीतिक महत्व है। भारत अपनी क्षमताओं के अनुरूप लगभग सभी ताकतवर देशों के साथ मिलकर चल रहा है।

> “ साल 2015 में, अमेरिका ने स्वीकार किया कि चीन ने 2.1 करोड़ दस्तावेजों तक पहुंचने के लिए अमेरिकी कार्मिक प्रबंधन कार्यालय की सुरक्षा फाइलों को हैक कर लिया है। इसका मतलब था कि चीन के पास सैन्य कर्मियों सहित हर सेवानिवृत्त, वर्तमान और भावी अमेरिकी संघीय कर्मचारी की कुंडली मौजूद थी। उन फाइलों में उनकी निजी जानकारी, पारिवारिक पृष्ठभूमि, मानसिक-आर्थिक दशा, पता, वेतन, कामकाज का इतिहास जैसी सूचनाएं दर्ज थीं।

# जासूसी के आकाश में ये चंद गुब्बारे

प्रशांत झा, वाशिंगटन संवाददाता,


जासूसी की दुनिया एक अरण्य है। यहां सहयोगी, मित्र और जोड़ीदार, सभी एक-दूसरे पर नजर रखते हैं। जबकि, विरोधी अपने प्रतिद्वंद्वियों के इरादों व क्षमताओं का पता लगाने, एक-दूसरे की राष्ट्रीय सुरक्षा व राजनीतिक तंत्र को बेधने, और मनोनुकूल नतीजा पाने के वास्ते खुफिया ऑपरेशन करने के लिए वे सब कुछ करते हैं, जो वे कर सकते हैं। इसीलिए, अगर दुनिया का दूसरा सबसे मजबूत राष्ट्र सबसे ताकतवर मुल्क पर निगाह रखने और उसे सर्वशक्तिशाली की पदवी से बेदखल करने के लिए निगरानी गुब्बारे की सदियों पुरानी तकनीक पर भरोसा कर रहा है, तो यह उन लोगों के लिए कोई खबर नहीं है, जो खुफियागिरी के संसार में रचे-बसे हैं। यह खबर तो तब है, जब आप पकड़े जाते हैं।

भौगोलिक सीमा पार करके अमेरिकी आसमान में चीनी निगरानी गुब्बारे के आने की घटना ने अमेरिकी समाज में तीखी बहस शुरू की है। शायद सभी समाचार नेटवर्क और सोशल मीडिया पर गुब्बारे की तस्वीर तैरने के कारण ऐसा हुआ है। चीनी जासूसी से उत्पन्न खतरे के प्रति अमेरिकी खुफिया एजेंसियां तो वर्षों से जगी हुई थीं, अब अमेरिका के राजनेता और नागरिक भी इस बाबत पर्याप्त रूप से चिंतित दिख रहे हैं। गुब्बारे को मार गिराने के निर्देश देने संबंधी राष्ट्रपति जो बाइडन के फैसले की चौतरफा तारीफ भी हो रही है।

मगर अब एक अन्य पहलू। बेशक, अमेरिका ने इस बात से इनकार किया है कि उसने चीन की हवाई सीमा में कोई निगरानी गुब्बारा छोड़ रखा है, लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं है कि चीन में एक व्यापक अमेरिकी निगरानी तंत्र काम कर रहा है और दुनिया भर में वह चीन पर नजर रख रहा है। अमेरिकी खुफिया एजेंसियों के पास 2022 में 89.8 अरब डॉलर का बजट था, जिसमें कुल 18 एजेंसियां शामिल थीं। 2021 में, सीआईए ने '21वीं सदी में सबसे महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक खतरे, यानी प्रतिकूल चीनी सरकार' पर अपने काम को और समग्रता देने के लिए विशेष चीन मिशन केंद्र की स्थापना की थी। और यह भी सच है कि राष्ट्रीय सुरक्षा व राष्ट्रीय रक्षा रणनीति, दोनों लिहाज से चीन को मुख्य चुनौती बताते हुए अमेरिका उस पर निगाह रखने और उसे कमजोर करने के लिए अपनी ऊर्जा लगाए बिना नहीं रह सकता है।

मगर अमेरिकी पकड़े नहीं गए। चीन इस मामले में भाग्यशाली नहीं रहा और इसीलिए, बीजिंग के संस्थागत खुफिया तंत्र और उसकी हालिया कार्रवाइयों को लेकर उसे हिदायत दी जा रही है।

जून 1983 में, चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की छठी नेशनल पीपुल्स कांग्रेस ने 'राष्ट्र की सुरक्षा को सुनिश्चित करने और चीन के खिलाफ होने वाली जासूसी की काट को मजबूत करने के लिए' मिनिस्ट्री



ऑफ स्टेट सिक्योरिटी (एमएसएस) की स्थापना को मंजूर किया था। नवंबर 2015 में, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के जनरल स्टाफ विभाग के एक अंग को, जिसे 2पीएलए भी कहा जाता है, पीएलए संयुक्त स्टाफ विभाग का खुफिया ब्यूरो बना दिया। शी ने स्ट्रैटिजिक सपोर्ट फोर्स (एसएसएफ) का भी गठन किया और उसे इलेक्ट्रॉनिक व सूचना युद्ध के साथ-साथ सभी तकनीकी और सामरिक टोही कामों का घरौंदा बना दिया। सार्वजनिक सुरक्षा मंत्रालय, विभिन्न राज्य इकाइयों और अग्रिम मोर्चे के संगठनों के साथ मिलकर एमएसएस, खुफिया ब्यूरो और एसएसएफ ने चीन के लिए सुरक्षा कवच बनाने का काम किया है।

चीन पिछले एक दशक से अमेरिका के खिलाफ कहीं अधिक सफल अभियानों में लगा हुआ है। 2010 और 2012 के बीच अमेरिकी ही थे, जो पकड़े गए। चीन सीआईए में गुप्तचरी करके और उसके ढीले संचार प्रणाली को बेधकर उस नेटवर्क को बेपरदा करने में सफल रहा, जो अमेरिका चीन की सरकार के खिलाफ चला रहा था। इसके बाद मानो ऐसे स्रोतों को मार गिराने का क्रूर सिलसिला ही शुरू हो गया। साल 2017 में न्यूयॉर्क टाइम्स ने मारे गए लोगों की संख्या कम से कम 12 आंकी, जबकि फॉरेन पॉलिसी पत्रिका में छपी एक खोजी रिपोर्ट ने बाद में इस आंकड़े को बढ़ाकर 30 कर दिया। चीन में अमेरिकी खुफिया प्रयासों की कमर तोड़ दी गई थी।

साल 2015 में, अमेरिका ने स्वीकार किया कि चीन ने 2.1 करोड़ दस्तावेजों तक पहुंचने के लिए अमेरिकी कार्मिक प्रबंधन कार्यालय की सुरक्षा फाइलों को हैक कर लिया है। इसका मतलब था कि चीन के पास सैन्य कर्मियों सहित हर सेवानिवृत्त, वर्तमान और भावी अमेरिकी संघीय कर्मचारी की कुंडली मौजूद थी। उन फाइलों में उनकी निजी जानकारी, पारिवारिक पृष्ठभूमि, मानसिक-आर्थिक दशा, पता, वेतन, कामकाज का इतिहास जैसी सूचनाएं दर्ज थीं। साल 2015 में चीन के हैकरों ने एंथम और इससे जुड़ी स्वास्थ्य बीमा कंपनियों के आठ करोड़ ग्राहकों का व्यक्तिगत डाटा चुराया। 2017 में उसने सबसे बड़ी उपभोक्ता क्रेडिट रिपोर्टिंग एजेंसियों में एक इक्विफैक्स को हैक कर लिया और 15 करोड़ अमेरिकियों की संवेदनशील जानकारियां अपने कब्जे में कर लीं।

चीन ने अमेरिकी नागरिकों की निजी जानकारियां ही नहीं चुराईं, बल्कि अमेरिका की बौद्धिक संपदा तक अपनी पहुंच बनाई। एमी जीगार्ट ने अपनी किताब स्पाइज, लाइज ऐंड एल्गोरिद्म में लिखा है कि कैसे चीन ने खरबों डॉलर की बौद्धिक संपदा चोरी की, जिसमें एफ-35 और एफ-22 स्टील्थ लड़ाकू जेट विमान अभियान से जुड़ी सूचनाएं भी शामिल थीं। 'नवाचार और वाणिज्य में आगे रहने वाले उद्योगों को निशाना बनाकर चीन बौद्धिक संपदा की चोरी से इस शक्तिशाली अर्थव्यवस्था के दिल पर चोट कर रहा है। यह कितना गंभीर मसला है कि कभी देश के शीर्ष साइबर योद्धा जनरल कीथ अलेक्जेंडर ने इसे 'इतिहास में पूंजी का सबसे बड़ा हस्तांतरण' कहा था।' साल 2020 में अपने एक भाषण में संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के निदेशक क्रिस्टोफर रे ने स्वीकार किया कि पिछले दशक में चीन से जुड़े आर्थिक जासूसी के मामलों में 1,300 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, एफबीआई हर 10 घंटे में चीन की जासूसी के खिलाफ मामला दर्ज करता है और एफबीआई के 5,000 काउंटर-इंटेलिजेंस मामलों में से आधे चीन से जुड़े हैं।

बहरहाल, अभी तो गुब्बारा गिराया गया है, लेकिन अमेरिकी मेन स्ट्रीट अब चीनी डीप स्टेट के खिलाफ जाग गई है।

# जीत की हैट्रिक के लिए कितना काम आएगा गुजरात फॉर्मूला

विजय विद्रोही, वरिष्ठ पत्रकार

हिंडनबर्ग रिपोर्ट संबंधी विवाद के बीच एक-दो खबरें ऐसी भी आईं, जिन पर ठीक से चर्चा होनी चाहिए थी, लेकिन नहीं हो पाई। दोनों खबरें केंद्र सरकार और भाजपा सांसदों से जुड़ी हुई हैं। पहली खबर है कि प्रधानमंत्री चाहते हैं कि होली के बाद सांसद अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्र में जाएं और 2024 के लोकसभा चुनाव पूरे होने तक वहीं रहें। इस बीच संसद का सत्र चलने पर या संसदीय समिति की बैठक में भाग लेने पर या पार्टी के बुलावे पर ही दिल्ली आएं। सांसद अपने इलाकों में जनता से जुड़ें, जनता के दुख-दर्द सुनें और दुख-दर्द दूर करने की कोशिश करें। कहा गया है कि सांसद अपने-अपने मोबाइल फोन स्विच ऑफ नहीं करें, क्योंकि दिल्ली उनके फोन की जीपीएस के माध्यम से मॉनिटरिंग करता रहेगा। कुल मिलाकर, इस खबर के पीछे का तथ्य यही है कि भाजपा सांसदों पर टिकट की तलवार लटका दी गई है। सांसदों के कामकाज और आचरण का फीड बैक लिया जाएगा और उसके आधार पर टिकट काटे भी जा सकते हैं।

टिकट काटे जाने की आशंका ज्यादा इसलिए भी है, क्योंकि ज्यादातर सांसद 2014 और 2019 में चुनाव जीत चुके हैं और इनके खिलाफ 'एंटी इनकम्बेंसी' दिखाई दे रही है। यह एंटी इनकम्बेंसी दूर न की गई, तो यह सरकार के खिलाफ एंटी इनकम्बेंसी में बदल सकती है। पिछले दिनों संसद के केंद्रीय कक्ष में भाजपा सांसदों की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इशारा किया कि उनकी सरकार के खिलाफ सत्ता विरोधी रुझान नहीं है। इसका मतलब यही था कि जो भी सत्ता विरोधी रुझान सांसदों के खिलाफ है, इसके लिए उन्हें कमर कसनी होगी। अगर कमर नहीं कसी, तो टिकट कटने की नौबत आ जाएगी। कुल मिलाकर, यह कुछ-कुछ गुजरात फॉर्मूला है, जहां मुख्यमंत्री बदला गया, पूरा मंत्रिमंडल बदला गया, वरिष्ठ विधायकों तक के टिकट काटे गए और कुछ कांग्रेस



के विधायक आयात किए गए, तो क्या 2024 के लोकसभा चुनाव में उसे दोहराए जाने की तैयारी है? स्वाभाविक है कि प्रधानमंत्री बने रहेंगे। उनके मंत्रिमंडल में जरूर फेरबदल हो सकता है। कुछ नए जोड़े जा सकते हैं, कुछ के मंत्रालय बदले जा सकते हैं, ताकि मंत्रिमंडल नया-नया सा लगे। लोगों का भरोसा बढ़े, जैसे गुजरात में बढ़ा है।

शायद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समझ रहे हैं कि इतने भर से काम नहीं चलेगा। अगर मंत्रिमंडल ठोक-पीटकर ठीक कर भी लिया गया, तब भी अगर सांसदों के प्रति नाराजगी है, तो पिछले प्रदर्शन को दोहराना मुश्किल हो सकता है। शायद यही वजह है, सांसदों को सुधरने का एक मौका दिया जा रहा है। जानकारों का कहना है, कुछ सांसदों को लगता है, हिंदुत्व राष्ट्रवाद ठीक-ठाक चल रहा है, अंत में मोदी आएंगे, एक सभा करेंगे और जीत का माहौल बना देंगे, तो क्यों ज्यादा मेहनत की जाए। भाजपा आलाकमान को लगता है, गुजरात, दिल्ली, राजस्थान, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा, कर्नाटक और झारखंड जैसे राज्यों में लगातार दो बार करीब-करीब सभी लोकसभा सीटें निकालने के बाद अब तिगड़ी मारना आसान नहीं है। ज्यादातर मामलों में सांसद भी दोहराए हुए हैं, जिसके कारण भी एंटी इनकम्बेंसी बढ़ी है। इसका सीधा समाधान है कि तीस-चालीस प्रतिशत चेहरे बदल दिए जाएं, ताकि लोगों की उम्मीद बनी रहे। 70-75 साल से ऊपर वालों को घर बिठा दिया जाए। जानकारों के अनुसार, सांसदों को अपने इलाकों में लगातार रहने की सलाह इसलिए भी दी जा रही है, ताकि वे स्थानीय कार्यकर्ताओं के संपर्क में रहें और केंद्र सरकार के विकास कार्यों को जनता तक सीधे पहुंचाने का काम करें। इससे हिंडनबर्ग-अडानी प्रकरण की छाया से भी निकला जा सकेगा।

तथ्य यह भी है कि सरकार अपने प्रचार-प्रसार पर सात हजार करोड़ से ज्यादा खर्च पिछले आठ साल में कर चुकी है। अब जमीनी प्रचार का जिम्मा सांसदों को सौंपा जा रहा है और उन्हें टिकट मिलने या नहीं मिलने का इसे आधार बनाए जाने के संकेत भी दिए जा रहे हैं। यह नीति या रणनीति कितनी कामयाब होगी, यह तो 2024 के लोकसभा चुनाव के नतीजे बताएंगे, लेकिन यह अपने आप में एक अलग प्रयोग है, जो जमीन की राजनीति की दशा-दिशा भी तय करेगा।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

## तुर्की में भीषण तबाही

तुर्की और सीरिया में ऐसा जलजला आया कि अल सुबह की घड़ी में जो नींद में डूबे थे, वे हमेशा के लिए ही सो गए। धरती कांपी और कांपती रही। खौफ और मौत की दहशत के वे लम्हे कैसे रहे होंगे? भोर में 4.17 बजे भूकंप की तीव्रता 7.8 थी, जो सब कुछ लील गई। घर, मकान, भवन, स्मारक, अट्टालिकाएं, पेड़, बिजली के खंभे, गैस पाइपलाइन और हवाई अड्डे का रन-वे आदि, देखते ही देखते, ज़मींदोज हो गए। तुर्किए के 10 बड़े शहर मलबा हो गए। जो बसेरे थे, वे खंडहर हो गए। मंगलवार सुबह तक जलजले ने 4365 जिंदगियां छीन ली थीं और 15,000 से ज्यादा घायल बताए गए थे। तुर्किए की 3470 से ज्यादा इमारतें ज़मींदोज हो चुकी हैं। जो जिंदा बचे हैं, उनके लिए बरबस ही भगवान याद आते हैं-जिसको राखे साइयां, मार सके ना कोय । जलजला एकबारगी नहीं था। तीन बार धरती भयावह रूप से कांपी। अलबत्ता सोमवार की शाम तक तुर्किए और सीरिया के लोग 78 झटके महसूस कर चुके थे। तबाही और बर्बादी के बाद भी मंगलवार को भूकंप का कंपन महसूस किया गया। इन जलजलों ने तुर्किए को एक देश के तौर पर बर्बाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ी, क्योंकि तुर्किए गंभीर आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है। वहां की मुद्रा का बेहद अवमूल्यन हो चुका है। देश पर भारी कर्ज़ है। आम चुनाव 14 मई को होने थे, लेकिन विनाश के ऐसे दौर में उन्हें स्थगित किया जा सकता है। इस समय तुर्किए में बर्फीली और कंपा देने वाली सर्दी पड़ रही है। तापमान शून्य से भी नीचे है। ऐसे दौर में लोग बेघर और बर्बाद हुए हैं। उनकी जिंदगी कैसे चलेगी? बीते 3 सालों के दौरान यह तीसरा बड़ा भूकंप है और 24 सालों के दौरान वहां हजारों नागरिक मारे जा चुके हैं। विशेषज्ञ 100 सालों के दौरान इसे सबसे भयानक और तीव्र भूकंप मान रहे हैं। इसे 1939 के जलजले की पुनरावृत्ति भी माना जा रहा है, क्योंकि तब भी रिक्टर स्केल पर तीव्रता 7.8 मापी गई थी। उसमें 30,000 से ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण मौतें हुई थीं। वर्ष 1999 वाले भूकंप में भी करीब 18,000 लोग मारे गए थे, लिहाजा आशंका है कि मौत का आंकड़ा अकल्पनीय स्तर तक बढ़ सकता है। बेशक तुर्किए सबसे खतरनाक भूकंप संवेदी देशों में गिना जाता है। वहां ऐसे जलजलों का इतिहास रहा है, लेकिन वह दुनिया के खूबसूरत देशों में भी शामिल है। यह अजीब विरोधाभास है। कुदरत ने एक ही झटके में तुर्किए को ध्वस्त कर बदरूप बना दिया। मलवे का ढेर बना दिया। कितना बौना और असहाय है मनुष्य! वह चांद, मंगल ग्रह तक पहुंच सकता है, लेकिन जमीन के भीतर की करवटों और टकराहटों से नहीं जीत.. पाया है। इन जलजलों ने तुर्किए, सीरिया को ही तबाह नहीं किया, बल्कि लेबनान, साइप्रस, इराक, यूनान, डेनमार्क, इजरायल और फलस्तीन आदि देशों में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। वहां के जान-माल के नुकसान के ब्योरे प्रतीक्षित हैं। तुर्किए में आपातकाल और राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गई है। स्कूल-कॉलेज बंद रहेंगे। बहरहाल ये तो सरकारी औपचारिकताएं हैं, लेकिन गंभीर चुनौती यह है कि अब जिंदगियां बचाने की जंग कैसे लड़ी जाएगी। सकारात्मक है कि अमरीका, यूरोपीय देशों से लेकर भारत तक ने सहयोग और मदद के हाथ बढ़ाए हैं। भारत ने एनडीआरएफ की 100 सदस्यीय टीमों के साथ डॉग दस्ता, मेडिकल टीम और जरूरी दवाएं भेजी हैं।

# जी-20 ऊर्जा कार्य समूहः मुख्य बातें

अलोक कुमार, सचिव, विद्युत मंत्रालय

बेंगलुरु में ऊर्जा के हरित स्रोतों को अपनाने से जुड़ी कार्यसमूह की पहली बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। 18 सदस्य देशों, 9 विशेष आमंत्रित देशों और 15 अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के 110 से अधिक प्रतिनिधियों ने इस पहली बैठक में भाग लिया। अध्यक्ष के रूप में भारत ने ऊर्जा के हरित स्रोतों को अपनाने से जुड़ी अपनी उपलब्धियों और भारत सरकार के विभिन्न कार्यक्रमों, जैसे सौभाग्य, उज्ज्वला और उजाला योजनाओं के माध्यम से देशवासियों को स्वच्छ ऊर्जा तक सार्वभौमिक पहुंच प्रदान करने संबंधी अपनी सफलता पर प्रकाश डाला। लाइफ अभियान (पर्यावरण के लिए जीवनशैली) के माध्यम से मांग और जिम्मेदारीपूर्ण खपत को बढ़ावा देने के भारत के आह्वान को सभी भाग लेने वाले देशों का पूर्ण समर्थन मिला।

अध्यक्ष के रूप में भारत द्वारा प्रस्तावित छह प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को सदस्य देशों से भी काफी समर्थन मिला, जिनमें शामिल हैं- (1) तकनीकी कमियों को दूर करके ऊर्जा के हरित स्रोतों को अपनाना (2) ऊर्जा के हरित स्रोतों को अपनाने के लिए कम लागत वाला वित्तपोषण (3 ऊर्जा सुरक्षा और विविध आपूर्ति श्रृंखलाएं (4) ऊर्जा दक्षता, औद्योगिक कम कार्बन के लिए बदलाव और जिम्मेदारीपूर्ण खपत, (5) भविष्य के ईंधन: हरित हाइड्रोजन और जैव-ईंधन तथा (6) स्वच्छ ऊर्जा तक सार्वभौमिक पहुंच और ऊर्जा के हरित स्रोतों को अपनाने से जुड़ा न्यायपूर्ण, किफायती और समावेशी मार्ग।

दक्षता को बढ़ाना और इलेक्ट्रोलाइज़र, फ्यूल सेल, कार्बन अवशोषण उपयोग और भंडारण (सीसीयूएस) की लागत को कम करना, बैटरी भंडारण के लिए उन्नत रसायन सेल और छोटे मॉड्यूलेटर परमाणु रिएक्ट आदि की भी अंतरराष्ट्रीय सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों के रूप में पहचान की गयी। वैश्विक स्तर पर ऊर्जा के हरित स्रोतों को अपनाने से जुड़े ऊर्जा सुरक्षा के महत्व पर विचार-विमर्श हुआ। यह स्वीकार किया गया कि ऊर्जा के हरित स्रोतों को अपनाने के क्रम में प्रत्येक देश का अपने यहां उपलब्ध ऊर्जा के स्त्रोतों पर आधारित ऊर्जा के क्षेत्र में बदलाव को अपनाने का अपना एक मार्ग होगा।

भविष्य में नेट-जीरो के लक्ष्य को हासिल करने के लिए, 2021 के 29 प्रतिशत की तुलना में 2050 में दुनिया की 90 प्रतिशत बिजली नवीकरणीय स्रोतों से आनी चाहिए। वैश्विक सौर और पवन क्षमताओं को गुणात्मक रूप से बढ़ाने की आवश्यकता है। अनुमान है कि 2020 और 2050 के बीच केवल सौर क्षमता ही 17 गुनी बढ़ेगी। 2050 तक, विश्व स्तर पर बिजली क्षेत्र में वार्षिक बैटरी उपयोग को 300जीडब्ल्यू से अधिक बढ़ना होगा, यानी, 2021 में बैटरी आवश्यकता से 51 गुना अधिक। इसी तरह, हरित हाइड्रोजन के लिए भी गुणात्मक वृद्धि का अनुमान लगाया गया है, जहां 2030 तक इलेक्ट्रोलाइज़र क्षमता (9850 जीडब्ल्यू) की 129 प्रतिशत की वार्षिक चक्रवृद्धि दर की आवश्यकता है।

एक प्रमुख चुनौती के रूप में आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाने की तत्काल आवश्यकता की पहचान की गयी, क्योंकि दुनिया नवीकरणीय उर्जा क्षमताओं के निर्माण में वृद्धि कर रही है। एक विश्लेषण से पता चलता है कि वर्ष 2022 में, प्रमुख प्रौद्योगिकियों- सौर पीवी मॉड्यूल (9 480 जीडब्ल्यू), पवन (9120 जीडब्ल्यू), लिथियम-आयन बैटरी (1000 जीडब्ल्यूएच), और 50त्र से अधिक इलेक्ट्रोलाइज़र (8 जीडब्ल्यू प्रतिवर्ष)- की 80 प्रतिशत से अधिक विनिर्माण क्षमता केवल तीन देशों में केंद्रित हैं। उदाहरण के लिए, पिछले दशक में, सौर पीवी सामग्री के वैश्विक व्यापार का 70 प्रतिशत हिस्सा, केवल पांच देशों से है, जबकि पवन ऊर्जा के क्षेत्र के कुल व्यापार का 80 प्रतिशत हिस्सा केवल चार निर्यातक देशों के पास है। लिथियम-आयन बैटरी (एलआईबी) का निर्माण भी कुछ देशों में ही केंद्रित है। कुल व्यापार में 70 प्रतिशत हिस्सेदारी, केवल चार देशों की है।

इस बात को ध्यान में रखते हुए कि वर्तमान में आरई विनिर्माण अत्यधिक केन्द्रित है और व्यापार प्रवाह, ऊर्जा सुरक्षा के लिए जोखिम पैदा करता है, सदस्य देशों ने स्थानीय विनिर्माण पर ध्यान केंद्रित करते हुए निर्माण क्षमता को बढ़ाने और नई ऊर्जा प्रणाली की प्रमुख सामग्रियों, महत्वपूर्ण खनिजों और कल-पुर्जों के लिए आपूर्ति श्रृंखलाओं के विविधीकरण की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डाला। हरित हाइड्रोजन/अमोनिया को बढ़ावा देने को अत्यधिक समर्थन मिला। कुछ सदस्यों ने, इसके अलावा, कम-कार्बन हाइड्रोजन प्रौद्योगिकियों की पूरी श्रृंखला पर विचार करने का प्रस्ताव दिया। वित्तपोषण की लागत को कम करने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के वित्त के साथ-साथ निजी क्षेत्र द्वारा वित्तपोषण की आवश्यकता पर सुझाव दिए गए। आमंत्रित देशों ने वैश्विक दक्षिण के देशों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखने पर विचार साझा किए। उन्होंने इन प्रौद्योगिकियों में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए सरकारों को स्पष्ट दीर्घकालिक रूपरेखा देने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

सदस्य देशों ने कम-कार्बन वाली अर्थव्यवस्थाओं के लिए ऊर्जा दक्षता को फर्स्ट फ्यूल के रूप में मान्यता दी और उनके द्वारा लागू की गयी विभिन्न राष्ट्रीय नीतियों पर प्रकाश डाला। ये 2030 तक ऊर्जा दक्षता में सुधार की वैश्विक दर को दोगुना करने के बारे में रोडमैप के अपेक्षित परिणाम के लिए क्रमिक आवश्यकताओं पर अच्छी अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं। हरित विकास और हरित रोजगार को बढ़ावा देने के साधन के रूप में उद्योग और परिवहन के विद्युतीकरण के महत्व पर जोर दिया गया।

आईईए की रिपोर्ट के अनुसार, कोविड संकट के दौरान दुनिया में 75 मिलियन लोग सामर्थ्य में कमी के कारण बिजली की सुविधा से वंचित हो गए। विश्व स्तर पर लगभग 2.4 बिलियन लोग स्वच्छ खाना पकाने की प्रौद्योगिकियों और स्वच्छ ईंधन की सुविधा से वंचित हैं, संभावना है कि अतिरिक्त 100 मिलियन लोग भी, जिनकी स्वच्छ ईंधन तक पहुंच है, इस सुविधा से वंचित हो जायेंगे। सदस्य देशों ने इस बात पर सहमति व्यक्त की कि ऊर्जा के हरित स्रोतों को अपनाने के लिए सभी एसडीजी में न्यूनतम व्यापार-बदलाव सुनिश्चित किया जाना चाहिए, ताकि कोई पीछे न रह जाए।

कुछ सदस्य देशों ने ऊर्जा सुरक्षा के लक्ष्य को हासिल करने के लिए; बदलाव के दौर में प्राकृतिक गैस की जीवाश्म ईंधन के रूप में पहचान किए जाने की आवश्यकता को रेखांकित किया। समूह ने इस बात पर सहमति व्यक्त की कि स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों को अपनाने के दौर में; इथेनॉल, संपीडित बायोगैस, हरित हाइड्रोजन जैसी ईंधन की एक विस्तृत श्रृंखला भविष्य के ईंधन के रूप में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:- 9827806026, 7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE 93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)





# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




महात्मा गांधी रीपा पर उद्योगों और निजी क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ राज्य योजना आयोग में आयोजित की गई कार्यशाला

## रीपा मॉडल को और अधिक मजबूत बनाने प्राइवेट सेक्टर्स की भागीदारी पर जोर

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए प्रारंभ किए गए महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के मॉडल को और अधिक मजबूत बनाने के लिए आज राज्य योजना आयोग के महात्मा गाँधी सभा कक्ष में शासन की रीपा योजना के अंतर्गत विभिन्न इंडस्ट्रीज एवं कॉर्पोरेट स्टेकहोल्डर के साथ कार्यशाला आयोजित की गई।



इस कार्यशाला में रीपा मॉडल को और अधिक मजबूत बनाने के लिए रूरल इंडस्ट्रियल पार्क में प्रायवेट सेक्टर्स की भागीदारी पर जोर दिया गया। कार्यशाला में ग्रामीण कृषि और गैर कृषि क्षेत्र से संबंधित 30 से अधिक निजी क्षेत्र की संस्थाओं ने शिरकत की। कार्यशाला के प्रारम्भ में मुख्यमंत्री के योजना एवं नीति सलाहकार श्री प्रदीप शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को राज्य सरकार के फ्लैगशिप कार्यकम नरवा, गरूवा, घुरवा, बाड़ी (एनजीजीबी) पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने गौठान से लेकर रीपा तक के सफर की विस्तृत जानकारी देते हुए, रीपा मॉडल के हरेक पहलू का उल्लेख किया और रीपा के अंतर्गत आने वाले उद्यमों और विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने रीपा मॉडल को और मजबूत करने के लिए प्राइवेट सेक्टर्स के भागीदारी पर भी जोर दिया। इस अवसर पर प्रदीप शर्मा ने बताया कि रीपा का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाना एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका संवर्धन के नए आयाम विकसित करना है।राज्य योजना आयोग के उपाध्यक्ष श्री अजय सिंह ने कार्यशाला में बदलती आर्थिक परिस्थितियों में ग्रामीण क्षेत्रों में निवेश एवं आर्थिक संभावनाओं पर अपनी बात रखी, साथ ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए शासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीण युवाओं की रोजगार के लिए शहरों पर निर्भरता को कम करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार एवं उद्यमिता बढ़ाने में रीपा की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने प्रतिभागियों से उनकी अपेक्षाओं एवं प्रस्तावित सहयोग पर भी चर्चा की, इसके बाद प्रतिभागियों ने अपने विचार सभी अतिथियों के सामने रखे एवं रीपा योजना में यथा उचित सहयोग का आश्वासन दिया।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राज्य योजना आयोग के सदस्य डॉ. के. सुब्रमनियम ने ग्रामीण विकास एवं औद्योगीकरण में निजी क्षेत्रों के योगदान पर प्रकाश डाला, साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में असंगठित संस्थाओं को संगठित करने पर जोर दिया। इसके बाद कृषि उत्पादन आयुक्त एवं सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह ने कृषि एवं कृषि उत्पादन के मुख्य संवर्धन और इसमें रीपा की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किये, उन्होंने भी असंगठित अर्थव्यवस्था को मुख्य धारा में जोड़ने के लिए संभावित हस्तक्षेप करने पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एम.के. वर्मा, रीपा योजना के नोडल अधिकारी डॉ. गौरव सिंह एवं राज्य योजना आयोग के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा प्रतिभागीगण उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। दूरस्थ अंचलों में उच्च स्तरीय चिकित्सीय परामर्श व स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने अधिकारियों और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को दिया जा रहा प्रशिक्षणस्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और इको इंडिया द्वारा दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और इको इंडिया द्वारा 15-16 फरवरी को दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है।




राजधानी रायपुर के एक निजी होटल में आज इसकी शुरूआत हुई। प्रशिक्षण में क्षमता निर्माण के माध्यम से स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूती प्रदान करने स्वास्थ्य विभाग और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अधिकारियों-कर्मचारियों को जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण के शुभारंभ के दौरान आज राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान की संचालक डॉ. अल्का गुप्ता, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के संयुक्त संचालक डॉ. सुरेंद्र पामभोई, श्रीमती रत्ना अजगले, बाल स्वास्थ्य के उप संचालक डॉ. वी.आर. भगत तथा स्वास्थ्य विभाग एवं इको इंडिया के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के संयुक्त संचालक डॉ. सुरेंद्र पामभोई ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान ऑनलाइन युग में इको के सहयोग से स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच बढ़ाने में सहायता मिलेगी। इस प्रशिक्षण के माध्यम से सुदूर इलाकों में रहने वाले मरीजों तक उच्च स्तरीय चिकित्सीय परामर्श व स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में सहूलियत होगी। साथ ही दूरस्थ अंचलों में काम कर रहे हमारे स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का कौशल उन्नयन भी होगा।

इको इंडिया के महाप्रबंधक डॉ. हरेश चंदवानी ने प्रशिक्षण में बताया कि इको इंडिया सुदूर एवं पहुंचविहीन इलाकों में स्वास्थ्य सुविधा देने वाले स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देकर उनकी कार्यकुशलता और कौशल को बढ़ाता है। संस्था के विशेषज्ञ स्वास्थ्य कार्मिकों को नियमित रूप से प्रशिक्षण एवं सलाह प्रदान करते हैं। इको इंडिया का उद्देश्य है कि काबिल डॉक्टरों की बेहतर कंसल्टेशन सुविधाएं मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध कराई जा सके।

## खास खबर

### जनगणना : प्रशासनिक इकाईयों की सीमाओं की फ्रीजिंग तिथि 30 जून 2023 तक बढ़ाई गई

**रायपुर।** भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा जनगणना वर्ष 2021 हेतु प्रशासनिक इकाईयों की सीमाओं की फ्रीजिंग तिथि 30 जून 2023 तक बढ़ाने के निर्णय के संबंध में छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव अमिताभ जैन पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ शासन के गृह विभाग ने राज्य शासन के सभी विभागों, अध्यक्ष राजस्व मण्डल, समस्त विभागाध्यक्ष, समस्त संभागायुक्त, समस्त पुलिस महानिरीक्षक रेंक, समस्त कलेक्टर और समस्त पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर इसकी जानकारी दी है तथा प्रशासनिक इकाईयों की सीमाओं की फ्रीजिंग तिथि 30 जून 2023 तक बढ़ाने के भारत सरकार गृह मंत्रालय के निर्णय का अनिवार्य रूप से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### जंगली हाथियों की सुरक्षा: कार्ययोजना पर हुई चर्चा

**रायपुर।** जंगली हाथियों की सुरक्षा के लिए गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक गत दिवस जिला कलेक्टर कार्यालय बिलासपुर के मंथन सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में जंगली हाथियों की सुरक्षा एवं हाथी मानव द्वंन्द की समस्या से निपटने हेतु प्रस्तावित कार्ययोजना पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सभी विभागों के आपसी समन्वय एवं सहयोग से लोगों को सचेत कर हाथियों की सुरक्षा किये जाने पर रणनीति बनाने विशेष जोर दिया गया। बैठक में जन हानि, जन घायल, पशु हानि, फसल हानि एवं अन्य संपत्ति हानि के प्रकरणों का त्वरित निराकरण एवं मुआवजा भुगतान की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान बताया गया कि ग्रामीणों में मानव हाथी द्वंद के कारण एवं अपनाये जाने वाले उपायों के बारे में जन जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्य सतत् रूप से चलाये जाने की जरूरत है।

## खेलकूद न सिर्फ हमें स्फूर्तिवान बनाता है बल्कि काम के तनाव से मुक्ति भी दिलाता है: मुख्यमंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज पीटीएस माना कैंप में आयोजित छत्तीसगढ़ पुलिस राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने समापन समारोह में पुलिस मार्च पास्ट की सलामी लेते हुए पुलिस खेलकूद के चिन्ह का भी विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तरह के आयोजनों का सबसे बड़ा लाभ यह है कि ऐसे आयोजन हमारे जवानों के जोश और ऊर्जा को रिचार्ज कर देते हैं और यही वे दो चीजें हैं जो हर जवान की पहचान है। श्री बघेल ने कहा कि पुलिस विभाग का काम आसान नहीं है। कदम कदम पर चुनौतियां होती हैं।



इन चुनौतियों से निपटने के लिए तन और मन दोनों में स्फूर्ति का होना बहुत जरूरी होता है। खेलकूद न सिर्फ हमें स्फूर्तिवान बनाता है बल्कि काम के तनाव से मुक्ति भी दिलाता है। अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना जगाता है। अपने कर्तव्यों का सफलता पूर्वक निर्वहन करने के साथ साथ हमारे पुलिस जवानों ने कॉमनवेल्थ और एशियन गेम्स जैसे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खेलों में कई पुरस्कार जीतकर अपने प्रदेश और अपने विभाग का नाम रौशन किया है।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि हमारी सरकार ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में खेलों और खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रशिक्षण सुविधाएं जुटाने का अभियान भी छेड़ा है। इसी के अंतर्गत बिलासपुर में एथलेटिक्स, हॉकी तथा तीरंदाजी का एक्सीलेंस सेंटर तथा रायपुर में टेनिस स्टेडियम तथा अकादमी का निर्माण किया जा रहा है।राज्य में छत्तीसगढ़ खेल प्राधिकरण का गठन किया जा चुका है। प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेताओं को मिलने वाली पुरस्कार राशि में वृद्धि की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में राज्य स्तरीय युवा महोत्सव, छत्तीसगढ़िया ओलंपिक जैसे आयोजनों की शुरुआत की गई है ताकि ग्रामीण से लेकर शहरी स्तर तक खेल प्रतिभाओं को अवसर मिले। इन प्रतिभाओं को तराशा जा सके। उनका आत्मविश्वास बढ़ाया जा सके और पूरे राज्य में खेलकूद का वातावरण लगातार बना रहे।

श्री बघेल ने कहा कि सरकार ने राज्य की कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस बल को विश्वास, विकास, सुरक्षा का मंत्र दिया है। विकास,विश्वास और सुरक्षा की रणनीति के कारण ही प्रदेश में नक्सली हिंसा की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगी है। उन्होंने कहा कि मुझे इस बात की खुशी है कि हमारे जवानों ने इस मंत्र को आत्मसात करते हुए सफलता के कीर्तिमान स्थापित किए हैं और नई प्रौद्योगिकी तथा नई सोच से अपराधों की जांच और रोकथाम बखूबी की है। इसके लिए पुलिस बल की विभिन्न इकाइयों को राष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाजा गया है। इस अवसर पर राज्य के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़िया परम्परा में बसी हमारी खेल विधाओं को संरक्षित करने और आगे बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की पारम्परिक सोच के तहत राज्य में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की शुरुआत की गई है। हमारी छत्तीसगढ़िया संस्कृति के पुनर्उत्थान एवं छत्तीसगढ़िया लोगों की खेल भावनाओं को जागृत करने के उद्देश्य से इसका सफल आयोजन किया गया, जो देश ही नहीं विदेशों तक चर्चा का विषय बना रहा।

श्री साहू ने कहा कि पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता जैसी प्रतिस्पर्धाओं के आयोजन से जहां पुलिस जवानों में स्वस्थ प्रतियोगी भावनाएं, अनुशासन, शारीरिक दक्षता एवं आपसी भाईचारे की भावना जागृत होती है वहीं कठिन परिस्थितियों में जूझने की क्षमता भी प्राप्त होती है।

प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्यमंत्री श्री बघेल ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। तीन दिन तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में कुल 952 खिलाड़ी शामिल हुए थे जिनमें 831 पुरुष तथा 121 महिलाएं शामिल थीं। इस प्रतियोगिता में कुल 23 इवेंट शामिल किए गए थे जिसमें छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में शामिल रस्साकसी एवं गेड़ी दौड़ जैसे खेल भी शामिल थे। प्रतियोगिता में ओवरआल विजेता का खिताब पीटीएस रेंज को मिला जबकि बेस्ट एथलीट का पुरस्कार दुर्ग रेंज के कांस्टेबल अशोक वर्मा को मिला।

## स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने जिला आयुर्वेद चिकित्सालय और यूपीएचसी का किया निरीक्षण



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने अपने बस्तर प्रवास के दूसरे दिन जगदलपुर में जिला आयुर्वेद चिकित्सालय और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने आयुर्वेद चिकित्सालय में भगवान धनवंतरि की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान चिकित्सकों की बैठक व्यवस्था और उनके दैनिक कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सालय में ओपीडी की स्थिति और डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत इलाज के बारे में भी पूछा।

स्वास्थ्य मंत्री श्री सिंहदेव ने आयुर्वेद चिकित्सालय परिसर में संचालित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण के दौरान बालिका स्वास्थ्य की जांच कराने पहुंचे हितग्राहियों से भी बातचीत की। उन्होंने यूपीएचसी में मानव संसाधन बढ़ाने स्वास्थ्य विभाग के संभागीय संयुक्त संचालक डॉ. राजन और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चतुर्वेदी से चर्चा की। श्री सिंहदेव ने वहां दवा वितरण कक्ष का निरीक्षण किया और दवाईयों की उपलब्धता, भंडारण की स्थिति, एक्सपायरी डेट आदि की जानकारी ली। उन्होंने परिसर के निरीक्षण के दौरान प्रसाधन कक्ष का भी अवलोकन कर सफाई व्यवस्था की सराहना की।

श्री सिंहदेव ने यूपीएचसी में बालिका दिवस पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार भी दिए। परिसर के निरीक्षण के दौरान जिला आयुर्वेद चिकित्सालय के प्रभारी अधिकारी डॉ. नेताम, वहां कार्यरत अन्य डॉक्टर एवं स्टॉफनर्स मौजूद थे।

श्री सिंहदेव ने जगदलपुर में 69 लाख 84 हजार रूपए की लागत से निर्माणाधीन यूपीएचसी भवन का भी अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण एजेंसी को पूर्ण गुणवत्ता के साथ कार्य को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कोदो, कुटकी, रागी भी समर्थन मूल्य पर खरीद रही छत्तीसगढ़ सरकार

## वनोपज संग्राहकों की संख्या में 4 गुना से ज्यादा की बढ़ोत्तरी

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। रोजगार, स्व-रोजगार, स्थानीय संसाधनों के बेहतर प्रबंधन और उद्यमिता विकास को लेकर छत्तीसगढ़ सरकार ने अभूतपूर्व कार्य किये हैं। इन चार वर्षों में ग्रामीण तबकों और सुदूर वनांचल क्षेत्रों में रहने वाले जरूरतमंद लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचा है, जिसके परिणाम स्वरुप प्रदेश के बनवासी, ग्रामीण, किसान, मजदूर और कारीगर वर्ग को बड़ा लाभ हुआ है।



छत्तीसगढ़ सरकार के जनहितैषी नीतियों का ही परिणाम है कि आज प्रदेश का हर वर्ग आर्थिक रूप से सशक्त और सम्पन्न हो रहा है। छत्तीसगढ़ के वनांचल क्षेत्रों में निवास करने वाले वनवासी एवं आदिवासियों के हित में और वनों में उनके अधिकारों को और अधिक दृढ करने एवं वनोपज से आय में वृद्धि के सपने को साकार करने की दिशा में कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं।

राज्य में पहली बार समर्थन मूल्य पर कोदो, कुटकी, रागी की खरीदी की गई। लघु धान्य फसलों को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में मिलेट मिशन भी चलाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में देश का 74 प्रतिशत लघु वनोपज संग्रहित होता है। सरकार ने संग्राहकों के हित में लघु वनोपजों की संख्या में 9 गुना वृद्धि करते हुए 7 से बढ़ाकर 65 लघु वनोपजों की खरीदी करने का निर्णय लिया यही कारण है कि इन चार सालों में संग्राहकों की संख्या में भी 4 गुना से ज्यादा की बढ़ोत्तरी हुई है, वर्ष 2018-19 में संग्राहकों की संख्या 1.5 लाख थी जो आज बढ़कर 6 लाख हो गई है। लघु वनोपजों की खरीदी की मात्रा में भी 78 गुना से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है, वर्ष 2021-22 में कुल 42 हजार मीट्रिक टन लघु वनोपजों की खरीदी की गई है, जबकि यह मात्रा वर्ष 2018-19 में 540 मीट्रिक टन थी। छत्तीसगढ़ पूरे देश का सबसे बड़ा वनोपज संग्राहक राज्य है, इस वर्ष राज्य सरकार ने 120 करोड़ रूपए का भुगतान वनोपज संग्राहकों को किया है। वर्ष 2020-21 में 153.46 करोड़ रुपए का लघु वनोपज देशभर में खर्च की गई राशि का अकेला 78 प्रतिशत है। पिछले चार वर्षों में छत्तीसगढ़ सरकार की जनहितैषी योजनाओं के परिणाम स्वरुप 13 लाख तेंदुपत्ता संग्राहकों एवं 06 लाख वनोपज संग्राहकों को 250 करोड़ रूपए की अतिरिक्त सालाना आय हुई है।

## समाधान तुंहर दुआर शिविर में प्राप्त आवेदनों पर तत्काल कार्रवाई शुरू

**बालोद।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार सभी विभागों के द्वारा जिले में आयोजित 'समाधान तुंहर दुआर' शिविर में प्राप्त आवेदनों के परीक्षण के उपरांत उसके निराकरण हेतु तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इसके अंतर्गत आज जिले के डौण्डीलोहारा के विकासखण्ड के मुडखुसरा निवासी दिव्यांग युवक श्री राजेन्द्र कुमार रावटे को आज कलेक्टर श्री शर्मा के निर्देश पर त्वरित अमल करते हुए मात्र दो घण्टे में सभी प्रक्रियाओं को पूरा कर उन्हें ट्राईसायकल प्रदान किया गया।






# सीएम बघेल की बड़ी घोषणा, 1000 करोड़ में सुधरेगी शहरों की दशा

# रायपुर और भिलाई में सॉफ्टवेयर-हार्डवेयर सुविधा सहित खुलेंगे बीपीओ

## रीपा की तर्ज पर सभी नगर निगम और नगर पालिकाओं में खुलेंगे अर्बन कॉटेज और सर्विस इंडस्ट्रीज पार्कः मुख्यमंत्री

### रायपुर एवं भिलाई में सॉफ्टवेयर एवं हार्डवेयर सुविधा सहित बीपीओ खोलने की घोषणा

### भिलाई में 20 करोड़ की लागत से विश्वस्तरीय सेंट्रल लाइब्रेरी कम रीडिंग ज़ोन बनाया जायेगा

### सुरक्षा व्यवस्था हेतु शहरों के मार्केट एरिया में लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बुधवार को राज्य के नागरिकों को एक हजार करोड़ रूपये के विकास कार्यों की महत्वपूर्ण सौगात दी। मुख्यमंत्री ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के गौरव समागम-2023 में शामिल होते हुये कहा कि हमारी सरकार में नागरिकों को घर बैठे ही सुविधाएं मिल रहीं है। इसके साथ ही सभी नगरीय निकायों ने नागरिक सुविधाओं को बेहतर किया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने राशनकार्ड बनाने में सुधार किया है। आज सभी का राशनकार्ड आसानी से बन जाता है। पहले भवन अनुज्ञा लेने में बहुत मुश्किल होती थी लेकिन अब इसका सरलीकरण किया गया है। मुख्यमंत्री मितान योजना के तहत घर बैठे ही 15 प्रकार की सेवाएं मिल रही हैं।

मुख्यमंत्री ने बड़ी घोषणा करते हुये कहा कि युवाओं के रोजगार हेतु रायपुर एवं भिलाई में सॉफ्टवेयर एवं हार्डवेयर सुविधा सहित बीपीओ खोले जाएंगे। छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा हेतु भिलाई में 20 करोड़ की लागत से विश्वस्तरीय सेंट्रल लाइब्रेरी कम रीडिंग ज़ोन बनाया जायेगा। मुख्यमंत्री ने रीपा की तर्ज पर सभी नगर निगम और नगर पालिकाओं में अर्बन कॉटेज और सर्विस इंडस्ट्रीज पार्क खोलने की घोषणा की। नागरिकों की स्वास्थ्य सुविधाओं में इजाफा हो इसके लिये उन्होंने नगर निगमो में स्मार्ट हेल्थ कियोस्क बनाने की घोषणा की जिसमें बीपी, सुगर, ब्लड टेस्ट की नि:शुल्क सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने शहरों के मार्केट एरिया में सीसीटीवी, आधुनिक शौचालय और विकास व्यवस्था की घोषणा करते हुये कहा कि जनप्रतिनिधियों की मांग पर नगरीय निकायों की चुंगी क्षतिपूर्ति राशि को 26 रुपये से बढ़ाकर 35 रुपये किया जायेगा।

### मुख्यमंत्री ने की ये अहम घोषणायें

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सभी नगरीय निकायों



को विकास कार्यों हेतु लगभग 1 हजार करोड़ रूपये राशि देने की घोषणा की। उन्होंने नगर निगम रायपुर को 100 करोड़, बिलासपुर नगर निगम को 50 करोड़, दुर्ग नगर निगम को 25 करोड़, भिलाई-चरौदा, अम्बिकापुर, जगदलपुर को 20-20 करोड़, रिसाली, राजनांदगांव, रायगढ़ एवं कोरबा को 15-15 करोड़, बिरगांव, धमतरी एवं चिरमिरी को 10-10 करोड़ की राशि देने की घोषणा की। इसके साथ ही सभी नगर पालिकाओं को 5-5 करोड़ और सभी नगर पंचायतों को 3-3 करोड़ रूपये देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने रायपुर, भिलाई और बिलासपुर में शहरी महिला आजीविका केंद्र, रायपुर शहर के जल भराव वाले क्षेत्रों में ड्रेनेज सिस्टम, भूमि विकास नियम का सरलीकरण, अम्बिकापुर में महात्मा गांधी स्टेडियम का उन्नयन, सड़क निर्माण एवं सौंदर्यीकरण की घोषणा की।

गौरव समागम समारोह कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री शिवकुमार डहरिया ने कहा कि विगत 4 वर्षों में नगरीय निकाय क्षेत्र में मूलभूत सुविधा सड़क, पानी, बिजली और सफाई के क्षेत्र में बेहतर कार्य और व्यवस्था में सुधार किया गया है। निकाय क्षेत्रों में विकास के मापदंडों में नियमित सुधार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में नगरीय निकाय में सभी क्षेत्रों में बेहतर विकास कार्य हो रहा है। कार्यक्रम में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संसदीय सचिव रेखचंद्र जैन, रायपुर के महापौर एजाज ढेबर, विशेष सचिव डॉ. अय्याज तंबोली, संचालक आर एक्का, सूडा के सीईओ सौमिल रंजन चौबे सहित सभी निकायों के महापौर, अध्यक्ष एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### उत्कृष्ट कार्य हेतु नगरीय निकायों को किया गया पुरुस्कृत

गौरव समागम समारोह में विभिन्न विभागीय योजनाओं के उत्कृष्ट क्रियान्वयन हेतु नगरीय निकायों को पुरुस्कृत किया गया। मुख्यमंत्री मितान योजना में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नगर निगम बीरगांव को सर्वाधिक सक्रिय निकाय, नगर निगम भिलाई चरोदा को व्यापक कवरेज के लिए तथा नगर निगम अम्बिकापुर को नगरीय निकाय से संबंधित सेवाओं के क्रियान्वयन के लिए पुरुस्कृत किया गया। मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नगर निगम धमतरी, नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा तथा नगर पंचायत आमदी को पुरस्कृत किया गया। श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स योजना में बेहतर प्रदर्शन के लिए नगर पालिक निगम रायगढ़, नगर पालिका परिषद गरियाबंद तथा नगर पंचायत गुरुर को पुरस्कृत किया गया। अधिकतम राजस्व वसूली के लिए नगर पालिक निगम रायपुर, नगर पालिका परिषद दीपका एवं नगर पंचायत खरोरा को पुरस्कृत किया गया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गौरव समागम समारोह अवसर पर विगत 4 वर्षो की विभागीय उपलब्धियों पर आधरित कॉफी टेबल बुकलेट का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने विभागीय उपलब्धियों पर आधारित वीडियो, प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत मोर प्रदर्शन मोर सम्मान मार्गदर्शिका का विमोचन, स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत एस्पिरेशनल टॉयलेट डिजाइन हेतु मार्गदर्शिका का विमोचन तथा भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत खुशियों का आशियाना थीम पर आयोजित प्रतियोगिता में चयनित हितग्राहियों को पुरुस्कार वितरण किये।

## खास खबर...

### राज्य सरकार के कुशल प्रबंधन से मिली सफलता

कस्टम मिलिंग के लिए 100 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान का उठाव

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार की कुशल प्रबंधन के कारण अब तक कस्टम मिलिंग के लिए 100 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान का उठाव हो चुका है। जबकि लगभग 104 लाख मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी कर दिया गया है। किसानों से समर्थन मूल्य पर इस वर्ष 107.53 लाख मीट्रिक टन धान की सफलतापूर्वक खरीदी की गई है।

गौरतबल है कि मुख्यमंत्री की पहल पर पिछले वर्ष की तर्ज पर इस वर्ष भी धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए सीधे उपार्जन केन्द्रों से धान का उठाव शुरू किया गया था, जिसके चलते राज्य सरकार को परिवहन व्यय में काफी कमी आयी है। इसके साथ ही धान खरीदी के बाद धान उठाव की लंबी प्रक्रिया से भी निजात मिली है। राज्य सरकार ने इस वर्ष 23 लाख 82 हजार से अधिक किसानों से 31 जनवरी 2023 तक 107.53 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की है। किसानों को धान खरीदी के एवज में भुगतान हेतु बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत मार्कफेड द्वारा अपैक्स बैंक को 22 हजार 67 करोड़ रूपए जारी किया गया है। अब तक कुल धान खरीदी 107.53 लाख मीट्रिक टन में से कस्टम मिलिंग के लिए लगभग 104 लाख मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया गया है, जिसके विरूद्ध मिलर्स द्वारा 100.12 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव कर लिया गया है।

### आईआईटी भिलाई कैम्पस में पेयजल व्यवस्था के लिए 12.24 करोड़ स्वीकृत

**रायपुर (ए)।** राज्य शासन द्वारा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) भिलाई कैम्पस, कुटेलाभाठा में पेयजल व्यवस्था के लिए 12 करोड़ 24 लाख 86 हजार रूपए की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा मंत्रालय से इस आशय का आदेश जारी कर दिया गया है, जिसमें कहा गया है कि योजना पूर्ण होने के पश्चात संधारण और संचालन का उत्तरदायित्व आईआईटी भिलाई का होगा।

# कृषि मंत्री ने ''मेरी पॉलिसी मेरे हाथ'' कार्यक्रम का किया शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने अपने निवास कार्यालय में ''मेरी पॉलिसी मेरे हाथ'' कार्यक्रम का, किसानों को पॉलिसी का वितरण कर शुभारंभ किया। किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के तहत पॉलिसी दी गई। इसके साथ ही आज 15 फरवरी से जिला स्तर पर सांसद, विधायक या कलेक्टर द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत बीमित कृषकों को कुल 2 लाख 23 हजार 873 तथा मौसम आधारित फसल बीमा योजना अंतर्गत कुल 13 हजार 487 कृषकों को पॉलिसी बीमा कंपनी द्वारा वितरित की जावेगी।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजनांतर्गत विपरीत मौसमीय परिस्थितियों से फसल हानि की आर्थिक सुरक्षा के लिए व्यापक फसल बीमा आवरण प्रदान किया जाता है, इन योजनाओं में अनाज, दलहन, तिलहन एवं उद्यानिकी फसलों को शामिल किया गया है। अधिसूचित फसलों हेतु ऋणी एवं अऋणी किसानों के लिए योजना स्वैच्छिक है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं मौसम आधारित फसल बीमा योजना प्रारंभ वर्ष 2016-17 से वर्ष 2022-23 तक कृषक द्वारा देय प्रीमियम राशि 1191.06 करोड़ के बदले दावा राशि 6235.24 करोड़ रूपए का भुगतान पात्र कृषकों को किया गया है। मौसम रबी वर्ष 2021-22 अंतर्गत कृषक द्वारा देय प्रीमियम राशि 17.90 करोड़ रूपए के विरूद्ध राशि 382.10 करोड़ रूपए का दावा भुगतान कृषकों को किया गया है।

इस अवसर पर कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह, संचालक कृषि सुश्री रानू साहू, संचालक उद्यानिकी व्ही. माथेश्वरन, कृषि विभाग के अपर संचालक जी.के. पीढ़िहा, संयुक्त संचालक बी.के. मिश्रा, उप संचालक आर.के. कश्यप, उद्यानिकी विभाग के उप संचालक नीरज शाहा उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लिए बैंक खातों का आधार सीडिंग एवं लैंड सीडिंग करवाना अनिवार्य

**रायपुर।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को 12 किस्त दी जा चुकी है। फरवरी महीने में यह तेरहवीं किस्त दिया जाना है। यह निधि की आगामी किस्त उन्हीं किसानों को दी जाएगी जिनका बैंक खाता का आधार सीडिंग और लैंड सीडिंग हो। कृषि विभाग ने प्रदेश के किसानों से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत सहायता प्राप्त करने के लिए अपने बैंक खातों में आधार सीडिंग एवं लैंड सीडिंग कराने का आग्रह किया है।

पीएम किसान सम्मान निधि के राज्य नोडल अधिकारी एवं कृषि विभाग के अपर संचालक एस.सी. पद्म ने बताया कि अब तक राज्य में आधार प्रमाणित 24 लाख 40 हजार 888 किसानों में से 21 लाख 77 हजार 961 के बैंक खातों में आधार सीडिंग हुआ है एवं 2 लाख 62 हजार 871 किसान शेष है। भारत सरकार द्वारा 13वीं किस्त का हस्तांतरण आधार आधारित किये जाने के निर्णय के फलस्वरूप किसानों के खाते में आधार सीडिंग नहीं होने की स्थिति में आगामी किस्त प्राप्ति में विलंब हो सकता है।

उन्होंने बताया कि आधार सीडिंग के कार्य के लिए जिस बैंक में किसान का खाता है अथवा एक से अधिक बैंक खाता धारक होने पर जिस बैंक खाते में योजना का लाभ प्राप्त करने का इच्छुक है उस बैंक शाखा में स्वयं उपस्थित हो कर आधार सीडिंग करवाना होगा। संस्था के माध्यम से योजनांतर्गत नवीन खाता खुलवा सकते हैं जिसमें संस्था द्वारा खाता प्रारंभ करने के साथ ही खाते का आधार सीडिंग और लैंड सीडिंग किया जावेगा। अपर संचालक श्री पद्म ने बताया कि योजनांतर्गत मापदण्डों के संबंध में अपनी स्थिति पता करने हेतु किसान अपने क्षेत्रीय ग्रामीण द्व=षि विस्तार अधिकारी/विकासखण्ड स्तरीय कृषि कार्यालय/जिला स्तरीय कृषि कार्यालय में सम्पर्क कर सकते है। उल्लेखनीय है कि किसान परिवारों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना दिसम्बर, 2018 से प्रारम्भ की गई है। इसके अंतर्गत योजनांतर्गत सभी वर्ग एवं श्रेणी के किसानों को लाभान्वित किया जा रहा है। पात्र किसानों को प्रतिवर्ष छह हजार रूपए, दो-दो हजार की तीन किस्तों में प्रदाय किया जाता है। योजनांतर्गत अद्यतन कुल 12 किस्तें जारी की जा चुकी हैं एवं 13वीं किस्त माह-फरवरी, 2023 में जारी किया जाना प्रस्तावित है। भारत सरकार से प्राप्त निर्देशानुसार पंजीकृत समस्त पात्र हितग्राहियों को आगामी किस्त प्राप्त करने हेतु अपने बैंक खातों का आधार सीडिंग और लैंड सीडिंग करवाना अनिवार्य है।

# लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए अगले महीने से लगेंगे शिविर

कलेक्टर ने समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक में की विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रायपुर जिले में लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए मार्च महीने से ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों में शिविर लगाए जाएंगे। कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भुरे ने शिविरों के लिए विस्तृत कार्य योजना बनाने के निर्देश समय सीमा के साप्ताहिक बैठक में दिए। डॉ भुरे ने विभागीय अधिकारियों से उनके विभागों में संचालित कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने जिले में मुख्यमंत्री के भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान मिले आवेदनों, मुख्यमंत्री की घोषणाओं एवं जनसामान्य की मांगों-शिकायतों से संबंधित विषयों पर अधिकारियों से चर्चा कर जल्द से जल्द निराकृत करने के निर्देश भी दिए। बैठक में





जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकाश छिकारा, अतिरिक्त कलेक्टर एन.आर.साहू, अपर कलेक्टर बी.बी.पंचभाई, गजेन्द्र ठाकुर एवं बी.सी.साहू, सभी एस.डी.एम तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने मार्च महीने से जिले के ग्रामीण और शहरी इलाकों में लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए क्लस्टर स्तरीय शिविर लगाने के निर्देश दिए। 10 से 12 ग्राम पंचायतों को मिलाकर एक क्लस्टर बनेगा। इसी प्रकार नगर पंचायत और नगर निगम क्षेत्रों में भी शिविर आयोजित होंगे। इन शिविरों में राशन कार्ड बनाने, आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड बनाने, श्रम कार्ड बनाने से लेकर लोगों की सभी समस्याओं का यथासंभव मौके पर ही निराकरण किया जाएगा। ग्रामीण इलाकों में हाट बाजार वाले दिन या बुधवार और शुक्रवार को शिविर लगेंगे। नगर पंचायतों में शनिवार को शिविर लगाए जाएगें। कलेक्टर डॉ भुरे ने मार्च माह के पहले सप्ताह से ही शिविरों की कार्य योजना बनाने और तिथिवार समय सारणी तैयार करने के निर्देश सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों को दिए है। कलेक्टर ने जनचैपाल और लोकसेवा गांरटी अधिनियम के लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करने अधिकारियों को निर्देशित किए।

समय सीमा बैठक में कलेक्टर ने मुख्यमंत्री भेंट मुलाकात कार्यक्रम में की गई घोषणाओं को पूर्णतः अमल में लाने के लिए प्रक्रिया शुरू करने और की गई शिकायतों-मांगों का भी तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी स्कूली बच्चो का जाति प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने खरोरा के नव निर्मित छात्रावास भवन में पानी निकासी और बाउंड्रीवाल निर्माण की व्यवस्था करने कहा। डॉ भुरे ने शहरों तथा ग्रामीण में राशन दुकानों के आबंटन की कार्रवाई शीघ्र करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने आरंग जनपद में मछली पालन के लिए निर्धारित तालाबों की आबंटन प्रक्रिया जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने स्थानीय उद्योगों में शासन की नीति के अनुसार अकुशल श्रमिकों से पदों पर शत प्रतिशत स्थानीय लोगो को रोजगार उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश उद्योग विभाग के अधिकारियों सहित अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों को दिए। इसी तरह सामाजिक प्रतिनिधियो द्वारा भेंट मुलाकात के दौरान सामाजिक भवन के लिए जमीन की मांग पर कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को नियमतः कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने अभनपुर में श्रमिको के लिए चावड़ी बनाने की प्रक्रिया शुरू करने को भी कहा। कलेक्टर ने जिले में अवैध निर्माण के नियमतिकरण के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243






















## खास खबर



### पठान बनी आईमैक्स में दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म

पठान इस समय बॉक्स ऑफिस पर गर्जना कर रही है। भारत और दुनिया भर में, यह फिल्म 25 जनवरी को रिलीज होने के बाद से ही रिकॉर्ड तोड़ रही है। चार साल के अंतराल के बाद शाहरुख खान को पूरी तरह से भूमिका निभाते हुए देखने के लिए प्रशंसक विशेष रूप से उत्साहित हैं। पठान ने अब वैश्विक स्तर पर 960 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है और घरेलू बॉक्स ऑफिस संग्रह पर 500 करोड़ रुपये के निशान पर नजर गड़ाए हुए है। यह आईमैक्स में अब तक की दूसरी सबसे बड़ी हिंदी ओरिजिनल ग्रॉसर भी बन गई है। 25 जनवरी को रिलीज हुई पठान बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। साथ ही दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम अभिनीत, फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर एक बम्पर शुरुआत की और यह जल्द ही रुकने का नाम नहीं ले रही है। फिल्म ने दुनिया भर के 21 बाजारों में 144 आईमैक्स स्क्रीनों पर धूम मचाई। आखिरकार, यह आईमैक्स पर अब तक की सबसे बड़ी भारतीय रिलीज थी।

पठान ने आईमैक्स में किसी भारतीय फिल्म के लिए अब तक का सबसे बड़ा ओपनिंग डे दिया है। रिपोर्ट्स यह भी बताती हैं कि पठान का भारत में अब तक का नंबर 1 आईमैक्स शुरुआती सप्ताहांत था। इसने केजीएफ-चैप्टर 2, आरआरआर, अवतार: द वे ऑफ वॉटर, 2017 की फिल्म बाहुबली 2 - द कन्क्लूजन जैसी फिल्मों को पीछे छोड़ दिया। पठान अब पूरे भारत में अब तक की सातवीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली आईमैक्स फिल्म है। यह आईमैक्स में दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म है, पहली यश-स्टारर केजीएफ - अध्याय 2 है।

### वामिका गब्बी और ईशान खट्टर ने शॉर्ट फिल्म फुर्सत के लिए कंटेंपररी डांस के लिए कड़ी ट्रेनिंग ली

विशाल भारद्वाज की शॉर्ट फिल्म वामिका गब्बी और ईशान खट्टर की हालिया प्रोजेक्ट फुर्सत के लिए प्रशंसकों की संख्या बढ़ते जा रही है। चूंकि फिल्म में कहानी कहने के लिए डांस का अधिकतर उपयोग किया गया है, वामीका और ईशान सहित सभी कलाकारों को अपने डांस कौशल को सुधारने की जरूरत थी। जिसके लिए, वामिका और ईशान ने दो सप्ताह से अधिक समय तक कंटेंपररी डांस में ट्रेनिंग लिया, भले ही वह एक प्रशिक्षित कथक डांसर ही क्यों न हो। वामीका किसी अन्य प्रोजेक्ट की शूटिंग में व्यस्त थीं और उन्हें अपने ट्रेनिंग के लिए शूटिंग शेड्यूल के बीच में हवाई जहाज़ से उड़ान भरी।

वामिका कहती हैं, डांस एक ऐसी भाषा है जिसका इस्तेमाल विशाल सर ने इस फिल्म में किया है। हमने ज्यादातर कंटेंपररी डांस स्टेप्स का इस्तेमाल किया है और मुझे जो संक्षिप्त जानकारी मिली वह यह थी कि चाहे आप कहीं भी खड़े हों या आपकी स्थिति कोई भी हो, सभी को एक-दूसरे की दर्पण छवि की तरह दिखना चाहिए। जिसका मतलब था कि हमारी टाइमिंग धमाकेदार होनी चाहिए। भले ही मैं एक प्रशिक्षित कथक डांसर हूं, मैंने दो सप्ताह से अधिक समय तक कंटेंपररी डांस में ट्रेनिंग लिया और शूटिंग के बीच के अपने खाली समय का उपयोग अभ्यास के लिए किया। मुझे खुशी है कि सारी मेहनत रंग लाई। मैं एक और प्रोजेक्ट के लिए शूटिंग कर रही थी और मैं छुट्टी वाले दिन मुंबई के लिए उड़ान भरती थी और अपने शिक्षक के साथ रिहर्सल करती थी। 30 मिनट की लंबी फिल्म, जिसमें ईशान खट्टर और वामिका मुख्य किरदार में हैं, को आईफ़ोन 14 प्रो पर शूट किया गया था और हाल ही में यूट्यूब पर रिलीज किया गया है। इस शॉर्ट फिल्म को सिनेमैटोग्राफी और कोरियोग्राफी के लिए सराहा गया है, एप्पल के सीईओ टिम कुक ने प्रशंसा भी की है। शॉर्ट फिल्म निशांत नाम के एक व्यक्ति की कहानी बताती है जो दूरदर्शी नामक एक प्राचीन अवशेष की मदद से भविष्य में एक झलक पा सकता है।

### अली फजल की हॉलीवुड फिल्म 'कंधार' का टीजर जारी, इस दिन सिनेमाघरों में देगी दस्तक

अली फजल उन अभिनेताओं की सूची में शामिल हैं, जिन्होंने दुनियाभर में अपने अभिनय की छाप छोड़ी है। इन दिनों अली अपनी आगामी हॉलीवुड फिल्म 'कंधार' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। इसमें वह अभिनेता जेरार्ड बटलर के साथ नजर आ आएंगे, जो CIA एजेंट टॉम हैरिस का किरदार निभाएंगे। अब अली ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर 'कंधार' का टीजर जारी कर दिया है। इस एक्शन फिल्म के निर्देशन की कमान अमेरिकी फिल्ममेकर रिक रोमन वॉ संभाल रहे हैं।

अली ने कैप्शन में लिखा, 'मेरी विस्फोटक एक्शन थ्रिलर, कंधार के लिए धमाके से पहले टीजर देखें। आपको अंदाजा हो जाएगा कि क्या हिट होना है और क्या चूकना है। फिल्म 26 मई, 2023 को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। अभिनेता नाविद नेगाहबान भी फिल्म में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। फिल्म में दिखाया जाएगा कि कैसे बटलर अफगानिस्तान के तनावग्रस्त क्षेत्र में फंस जाते हैं और फिर अफगान अनुवादक के साथ तालमेल बैठाकर वहां से निकलते हैं।

# डाइटिंग से जुड़े इन 5 मिथकों पर भरोसा करने से बचें, जानें इनकी सच्चाई

फिट रहने के लिए और शरीर को डिटॉक्स करने के लिए डाइटिंग एक बेहतरीन अभ्यास है, बशर्ते इसे सही तरीके से किया जाए। डाइटिंग से जुड़ी बहुत सी सलाह दी जाती हैं, जिनमें से कुछ सही तो कुछ गलत होती हैं। इसकी वजह से अधिकतर लोग डाइटिंग करना ही छोड़ देते हैं। आइए आज डाइटिंग से जुड़े ऐसे ही पांच मिथक और उनकी सच्चाई के बारे में जानते हैं।



### मिथक 1- स्वस्थ खाना महंगा होता है

कई लोग ऐसा मानते हैं कि डाइटिंग के दौरान आपको जो कुछ खाना-पीना होता है, वह काफी महंगा होता है। यह डाइटिंग के बारे में सबसे आम और गलत धारणाओं में से एक है। डाइटिंग में आप फल, सब्जियां और दाल खा सकते हैं। यह सभी आम चीजें हैं, जो बाजारों में सामान्य मूल्य पर आसानी से मिल जाती हैं। किसी बाहरी महंगी डाइट की तलाश की जगह आप घर पर इनसे रेसिपी बना सकते हैं।

### मिथक 2- डाइटिंग के दौरान स्नैक्स न खाएं

जब भी कोई डाइटिंग के बारे में बात करता है तो लोगों को लगता है कि उसे अपने पसंदीदा स्नैक्स को खाना छोड़ना होगा। हालांकि, ऐसा नहीं है। एक अच्छी डाइट आपको न केवल पोषण देती है, बल्कि कभी-कभी पसंदीदा स्नैक्स खाने की अनुमति भी देती है, जिसे चीटिंग डे कहा जाता है। डाइटिंग और वर्कआउट करने वाले लोग वीकेंड पर चीट डे मना सकते हैं, जिसमें वह स्नैक्स के तौर पर कुछ भी खा सकते हैं।

### मिथक 3- खाना नहीं खाने से वजन कम होगा

बहुत से लोग पूरे दिन में किसी एक समय का खाना नहीं खाने को डाइटिंग समझते हैं, लेकिन यह सिर्फ खाने से जुड़ा मिथक है। डाइटिंग का मतलब खाना छोड़ना नहीं होता है। इसका मतलब है कि आप नियमित समय पर ऐसा खाना खा रहे हैं, जो सही मात्रा में आपको जरूरी पोषण दे रहा है। इस वजह से खाना छोड़ना अनहेल्दी है और वजन घटाने का गलत तरीका है।

### मिथक 4- सप्लीमेंट्स से हो सकते हैं पतले

आजकल बाजार में ऐसे कई सप्लीमेंट्स मौजूद हैं, जो वजन घटाने का दावा करते हैं। हालांकि, स्वास्थ्य विशेषज्ञ वजन घटाने के लिए इन सप्लीमेंट्स की सलाह बिल्कुल नहीं देते हैं। ऐसे सप्लीमेंट्स, जो कुछ ही महीनों के अंदर वजन घटाने का दावा करते हैं, उनमें मौजूद तत्व बाद में स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो सकते हैं। इनका सेवन करने की बजाय आप डॉक्टर की सलाह लेकर स्वस्थ डाइट का पालन करें।

### मिथक 5- रात के 8 बजे के बाद खाना खाने से वजन बढ़ेगा

वजन बढ़ना या कम होना यह पूरी तरह से कैलोरी के सेवन पर निर्भर करता है। यदि आप डॉक्टर के मुताबिक अपनी डाइट का पालन कर रहे हैं तो देर से खाना खाने से आपकी फिटनेस पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ेगा। हालांकि, रात का खाना जल्दी खा लेना स्वस्थ माना गया है क्योंकि इससे पाचन ठीक रहता है, लेकिन इसका वजन कम करने में मदद करने से कोई लेना-देना नहीं है।

# अक्षय कुमार और इमरान हाशमी की फिल्म सेल्फी का दूसरा ट्रेलर रिलीज




अक्षय कुमार और इमरान हाशमी की फिल्म सेल्फी का नया टीजर और ट्रेलर रिलीज किया गया है। इस टीजर में फिल्म इंडस्ट्री और फिल्मों को लेकर चल रहे सोशल मीडिया ट्रेंड्स का जिक्र भी सुनाई देता है। सेल्फी के नए टीजर में बॉयकॉट एक्टर्स और बॉयकॉट बॉलीवुड का जिक्र किया है। इस टीजर को शेयर करते हुए अक्षय कुमार ने मजेदार कैप्शन भी दिया है। वहीं ट्रेलर में भी इसकी झलक दिखती है।

सेल्फी के इस इस नए टीजर में टीवी पर एक न्यूज रिपोर्टर लोगों से अक्षय कुमार के कैरेक्टर विजय का बॉयकॉट करने के लिए कह रहा है। फिल्म में खिलाड़ी कुमार एक सुपरस्टार की भूमिका में हैं। जैसा कि रिपोर्टर बॉलीवुड का बहिष्कार करता है, फिल्म के निर्माता टीवी की ओर मुड़ते हैं और कहते हैं, ऐसे ही फिल्में नहीं चल रही है। बाद में, अक्षय, निर्माता की बात सुनने के बाद, अपने चेहरे पर एक सख्त नज़र के साथ खुद की ओर इशारा करते हैं, जैसे पूछ रहे हों कि क्या मेरी वजह से फिल्में नहीं चल रही हैं?

वहीं ये टीजर शेयर करते हुए अक्षय कुमार ने इंस्टाग्राम पर कैप्शन में लिखा, जो सह रहे हैं वो कह रहे हैं। फिल्म सेल्फी 24 फरवरी को सिनेमाघरों में जरूर देखें। जाहिर सी बात है फिल्म का ये सीन सोशल मीडिया पर जो कुछ भी हो रहा है उसी के संदर्भ में रखा गया है। पिछले कुछ वर्षों में, जहां एक लोकप्रिय स्टार हर दूसरी फिल्म को बॉयकॉट कॉल का सामना करना पड़ रहा है। अक्षय कुमार की अपनी फिल्मों ने भी टिकट काउंटर पर बुरी तरह से प्रदर्शन किया है, हालांकि फिल्मों की खराब परफॉर्मेंस का एकमात्र कारण बॉयकॉट नहीं था इसमें फिल्मों की कहानी, स्क्रीनप्ले आदि भी शामिल हैं।

फिल्म के पहले ट्रेलर को जहां एक आम आदमी और एक फैन के एंगल से दिखाया गया था। इसके दूसके ट्रेलर में फिल्म में अक्षय कुमार के कैरेक्टर को ज्यादा स्पेस दिया गया है। इसमें दिखाया गया है कि फैंस किस तरह स्टार्स के पीछे पागल रहते हैं।

फिल्म में अक्षय और इमरान के अलावा डायना पेंटी और नुसरत भरूचा जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में हैं।सेल्फी साल 2019 में आई मलयालम ब्लॉकबस्टर ड्राइविंग लाइसेंस की आधिकारिक रीमेक है, जिसमें पृथ्वीराज सुकुमार और सूरज वेंजारामूडु ने अभिनय किया था। सेल्फी के अलावा, अक्षय कुमार टाइगर श्रॉफ अभिनीत बड़े मियां छोटे मियां की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। इस बीच, सेल्फी 24 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# जॉर्जिया एंड्रियानी ने सिजलिंग बॉडीकॉन ड्रेस पहनकर दिए पोज

जॉर्जिया एंड्रियानी सोशल मीडिया पर आए दिन अपने ग्लैमरस अवतार से छाई रहती हैं। जॉर्जिया जब भी कैमरे के सामने आती हैं तो हुस्न से ऐसी बिजलियां गिराती हैं और उनकी अदाओं के साथ-साथ उनके हुस्न के भी फैंस दीवाने हो जाते हैं। और वैलेंटाइन डे के मौके पर, जॉर्जिया ने अपने फैंस को विश करते हुए शेयर की बोल्ड हॉट फोटोज देखे अभी।

बॉलीवुड एक्ट्रेस जॉर्जिया एंड्रियानी सोशल मीडिया पर आए दिन अपने ग्लैमरस अवतार से छाई रहती हैं. हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से सेक्सी तस्वीरें शेयर करते हुए फैंस को वेलेंटाइन डे की शुभकामनाएं दी हैं. जॉर्जिया ने डार्क पिंक कलर का सिजलिंग बॉडीकॉन ड्रेस पहना है. ग्लोइंग मेकअप के साथ मॉडल ने हेयर ओपन रखे हैं और सेक्सी पोज दे रही हैं. एक्ट्रेस की ये सेक्सी तस्वीरें आपके होश उड़ाने वाली हैं. यूजर्स कमेंट बॉक्स पर फायर इमोजी और रेड हार्ट इमोजी की बारिश कर रहे हैं.

काम के मोर्चे पर, जॉर्जिया जल्द ही वेलकम टू बजरंगपुर में श्रेयस तलपड़े के साथ बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करेंगी।

# क्या साबुन से सिर धोना सुरक्षित है?

## जानिए इसके बारे में सबकुछ



शैंपू स्कैल्प और बालों को साफ करने और बालों का झड़ना रोक सकता है। हालांकि, जब तक शैंपू का आविष्कार नहीं हुआ था तब तक साबुन से सिर धोना एक आम बात थी। अभी तक कई लोग साबुन का इस्तेमाल करते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या साबुन बालों को नुकसान पहुंचा सकता है? या सस्ता और सुरक्षित शैम्पू एक अच्छा विकल्प है? आइए जानते हैं सिर के लिए साबुन कितना सुरक्षित है।

### साबुन से होने वाले नुकसान

साबुन से सिर धोना सुरक्षित नहीं है क्योंकि इसे त्वचा के पीएच स्तर को ध्यान में रखते हुए बनाए जाते हैं और स्कैल्प का पीएच अलग होता है, जिसके कारण बालों से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं। इससे बालों का उलझना ज्यादा हो सकता है। इसके अतिरिक्त, साबुन में शैंपू की तरह स्कैल्प और बालों को कंडीशनिंग करने के गुण नहीं होते हैं। नतीजन, बाल रूखे हो सकते हैं और उनके टूटने की संभावना भी बढ़ जाती है।

### साबुन में होती हैं ये सामग्रियां

पशु वसा या वनस्पति तेल जैसे नारियल और जैतून का तेल। हालांकि, कैस्टाइल साबुन पशु वसा और सिंथेटिक सामग्री से मुक्त होते हैं। इसके अतिरिक्त, इसमें लाइ या सोडियम हाइड्रॉक्साइड या पोटेशियम हाइड्रॉक्साइड, पानी, प्रिजर्वेटिव, आर्टिफिशियल रंग और आर्टिफिशियल सुंगध होती है, जो बालों के साथ-साथ त्वचा के लिए भी सही नहीं है। हालांकि, कुछ ऐसे साबुन भी होते हैं, जिनका इस्तेमाल आप बालों पर कर सकते हैं।

### सिर धोने के लिए किन साबुन का किया जा सकता है इस्तेमाल?

आजकल मार्केट में कई ऐसे साबुन भी मौजूद हैं, जिन्हें बालों की सफाई के लिए ही बनाया गया है। ये स्कैल्प के खुरदरेपन को कम करने में मदद कर सकते हैं। उदाहरण के लिए रीठा, आंवला और शिकाकाई जैसी सामग्रियों से युक्त साबुन का इस्तेमाल सभी प्रकार के बालों को धोने के लिए किया जा सकता है। ये साबुन मॉइस्चराइजिंग अवयवों से भरे होते हैं और नियमित शैंपू की तरह बालों की प्राकृतिक नमी को नहीं छीनते हैं।

### साबुन की जगह शैंपू का ही करें इस्तेमाल

अगर आपकी आसपास शैंपू आसानी से उपलब्ध है तो साबुन की जगह शैंपू ही खरीदें क्योंकि इन्हें स्कैल्प और बालों की जरूरत के हिसाब से अलग-अलग बनाया जाता है। हालांकि, अगर आपको नहीं पता कि किस तरह के शैंपू का इस्तेमाल करना सही है तो हर्बल शैंपू आपके लिए सही रहेगा। यह बालों के विकास को बढ़ावा देगा, डैंड्रफ को कम करेगा और बालों के झड़ने को रोकने सहित बालों में चमक लाने में मदद कर सकता है।

# पिया बाजपेयी का फिल्म 'द लॉस्ट' में शानदार प्रदर्शन



आखिरकार बहुप्रतीक्षित फिल्म 'लॉस्ट' का ट्रेलर रिलीज हो गया। फिल्म में अलग-अलग कलाकार अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिखा रहे है, लेकिन पूरी फिल्म में एक अभिन्न भूमिका निभाने वाली पिया बाजपेयी एक अनगढ़ हीरे की तरह नजर या रही हैं। वह कहानी के प्रकटीकरण में एक महत्वपूर्ण दल है और उनके पथ-प्रदर्शक प्रदर्शन की छोटी सी झलक ने हमें अंत तक बांधे रखा।

पिया, जो खोए हुए लड़के की प्रेमिका की भूमिका निभाती है, फिल्म की कहानी को एक सुंदर रंग देती है। वह कहती हैं, यह एक बेहतरीन भूमिका थी और मुझे अपने किरदार के विभिन्न रंगों को निभाने में बहुत मज़ा आया। वह फिल्म का एक अत्यंत महत्वपूर्ण अंश है और जिसके बिना कहानी अधूरी होगी। ट्रेलर काफी अद्भुत नजर आ रहा है और पूरी तरह से फिल्म के सार को एक कैप्सूल में कैद करता है।

ट्रेलर में पिया के विभिन्न रूप और शॉट्स, इसके पूर्ण संस्करण में देखे जाने वाले दृश्यों की झलक देते हैं। उनका निष्पादन पेचीदा और रोमांचक रहा है और हम उन्हे और अधिक देखने के लिए फिल्म का इंतजार नहीं कर पा रहे है!

दुर्ग, सुपेला और कोहका के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
Paul Sir
रामा कोचिंग
135, NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

**ऐसे बड़े मंच मिलने से बढ़ता है हौसला**

# राजिम का मंच कलाकारों के लिए स्वर्ग के समान

## आरू साहू और दिलीप षड़ंगी को देखने सुनने उमड़ा बेतहाशा भीड़





श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजिम।** आरू साहू और दिलीप षड़ंगी की प्रस्तुति ने ऐसा धूम मचाया कि दर्शको को झूमने पर मजबूर हो गए। नदी में लम्बे चौड़े भू भाग होने के बाद भी दर्शक दीर्घा में पैर रखने की जगह नही थी। यहां तक कि मेला क्षेत्र में लगे 7 एलईडी में देखने सुनने हजारो भीड़ लगी रही। उनके गानों की दीवानगी की खुमारी दर्शको में बखूबी देखने को मिला। मंच पर छत्तीसगढ़ की उभरती गायिका आरू साहू ने राम सिया राम.. जय जय राम गाकर मंच को राममय कर दिया। सभी दर्शक रामनाम की माला जपने लगे। हो माई झुपत-झुपत... इस गीत सुनकर दर्शक आनंदित हो उठे। छश्रसगढ़ में होने वाली परंपरागत त्यौहारों को गीत के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।



जिसमें सुआ नृत्य, गौरा गौरी और राउत नाचा इनको देखकर दर्शकों को एक समय ऐसा लगा कि त्यौहार अभी आने वाला है। आरू की अगली प्रस्तुति छश्रसगढ़िया सबले बढ़िया... मेरे भारत का बच्चा-बच्चा जय श्रीराम बोलेगा... ये गीत को गाने के लिए आरू मंच के नीचे आ गई और श्रोता के साथ गीत को गाने लगी। हर-हर शंभू-शंभू ने तो और भी धमाल मचा दिया। मोर अंगना म गड़े हे जैतखाम गीत ने घुरूघासी दास के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया। मोर से नैना मिलाके... इस गीत ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। कार्यक्रम के दूसरे कड़ी में जगराता के सम्राट दिलीप षडंगी ने जसगीत और छत्तीसगढ़ी गीत प्रस्तुत कर दर्शकों को झमने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने अपनी शुरूआत हम उस देश के वासी है जिसे देश में गंगा बहती है..... आदमी हूं आदमी से प्यार करता हूं... गीत की प्रस्तुति दी। जिसे सुनकर दर्शकों में भी आत्मीयता जाग उठी। नमो नमो जगदम्बे... मंच पर जैसे ही इसकी प्रस्तुति हुई। मंच पर भोलेनाथ व मां पार्वती की वेशभूषा पहने कलाकरों ने शानदार प्रस्तुति दी। घर-घर दीया माता घर-घर बाती ओ... कोरी-कोरी नारियर चढ़े दाई मोर.... चैत के महिना आबे दाई.... आमा पान के पतरी करेला पान के दोना.... मांदर बाजे रे .... ऐसे मनमोहक गीतों की प्रस्तुति ने दर्शकों को ठंडी मौसम में भी आनंद लेते रहे। कलाकारों का सम्मान छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, पर्यटन मंत्री ताम्रध्वज साहू ने स्मृति चिन्ह भेंटकर किया। छत्तीसगढ़ी लोक गायन के क्षेत्र में छोटी उम्र के बावजूद छत्तीसगढ़ के आरू साहू एक ऐसी सेलिब्रिटी बन गई है जिसे हर कोई गाते हुए देखना चाहता है। लोगों को जब पता चला कि मंगलवार को आरू साहू के कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी तो भीड़ बेकाबू हो गया। राजिम पुन्नी मेला में उनके प्रस्तुति के बाद पत्रकारों से रूबरू हुई। उन्होंने कहा कि उन्हें सभी गानों में अधिक प्रेम मिलता है। मैं मंच पर हर गाना सोच समझकर गाती हूं। उन्होंने कहा कि 2019 में नॉर्थ शिकागो जाना था, किंतु मार्च में कोरोना वायरस के चलते स्थगित हो गया। छत्तीसगढ़ के हर जिलों के अलावा नागपुर, महाराष्ट्र, एमपी सहित कई राज्यों में अपनी प्रस्तुति दे चुकी हूं। इस वर्ष अप्रैल में पंजाब के भटिंडा जाना है जहां पर छत्तीसगढ़ी के अलावा हिंदी गानों की भी प्रस्तुति होगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के सभी गायक उन्हें अच्छा लगता है।

उन्होंने कहा कि वैसे तो वह क्लास पीपी 2 से गाना गा रही है लेकिन जब वह क्लास फाइव में थे तब एक छत्तीसगढ़ी गाना बर्थडे पार्टी में गाया था जो तेजी से सोशल मीडिया में वायरल हुआ और लोग हाथों हाथ उठा लिया। इसके बाद जब मैं अपना पहला कार्यक्रम धमतरी के जबर हरेली में प्रस्तुत किया तो दर्शकों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। इससे मुझे बहुत खुशी भी हुआ, लेकिन कार्यक्रम की समाप्ति के बाद दर्शक खाली ही हो गया है जिससे अन्य कलाकारों की प्रस्तुति को देखने लोग मौजूद नहीं रहे यह मुझे काफी बुरा लगा। उन्होंने बताया कि एक छत्तीसगढ़ी फिल्म में गाना गाई थी पढ़ाई के साथ कार्यक्रम में भी समय निकल जाती है।

आरू साहू का कहना है कि जिस तरह लता मंगेशकर को लता दीदी के नाम से जानी जाती है उसी तरह मुझे भी छत्तीसगढ़ की बेटी की तरह जाने। बताया कि 3 बार मुख्यमंत्री के मंच में कार्यक्रम की प्रस्तुति देने का अवसर मिला। उन्होंने भी कहा कि हर मंच में आरू छत्तीसगढ़ की संस्कृति को प्रस्तुत करती है जिसमें सुआ, करमा, ददरिया, जस गीत, जंवारा है। आरू का कहना है कि वे गायिका बनना चाहती है। अपना गुरु अपने मम्मी -पापा को ही बताया कहा कि सब तैयारी मंच में ही हो जाता है। अभी तक कोई विशेष रिहर्सल नहीं हुआ है।


## मेला में आए फ्रांस के सैलानियों ने कहा नमस्ते राजिम

**राजिम।** विदेशी सैलानी राजिम पहुंचे और यहां की भव्यता एवं मेले का विस्तार को देखकर अत्यंत प्रसन्न हो गए। वे जैसे ही राजीवलोचन मंदिर पहुंचे मंदिरों में उत्कीर्ण कलाकृतियों ने खासा प्रभावित किया। तीन नदी के बीच में स्थित कुलेश्वर नाथ महादेव मंदिर को देखकर अभिभूत हो गए। पूरे मेला क्षेत्र का पैदल चलकर भ्रमण किया। मीडिया सेंटर में पत्रकारों द्वारा सैलानियों का आत्मिय स्वागत सम्मान किया गया। राजिम मेले की भव्यता को देखकर अत्यंत प्रसन्न दिखे और हाथ जोड़कर नमस्ते राजिम कहा। फ्रांस के यहां पर्यटक जिनमें से दो लोग पहली बार आए हैं बाकी तीन लोग पिछले साल और आ चुके हैं। इनमें से रोले, मार्टिन, जोयल, अग्नेश, भासो नाम के है। ये सभी 1 महीने के टूर पर 6500 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे और 28 फरवरी को अपने देश चले जाएंगे। विशाखापट्टनम से चलकर सीधे यहां आए हैं। उन्होंने कहा कि हम चाहते तो, प्लेन से आ सकते थे लेकिन सड़क मार्ग से आने का कारण यही है कि हम भारत की संस्कृति एवं यहां के रहन-सहन से रूबरू होना चाहते हैं। यहां की सांस्कृतिक विरासत खासतौर से प्रभावित कर रही है। भुनेश्वर उड़ीसा के गाइड तपन मिश्रा ने बताया कि छत्तीसगढ़ में राजिम के अलावा रायपुर, चम्पारण, सिरपुर, कवर्धा, चिल्फी, भोरमदेव के बाद ग्वालियर मध्यप्रदेश चले जाएंगे। उन्होंने आगे बताया कि राजिम माघी पुन्नी मेला में नागा साधुओं का आशीर्वाद प्राप्त कर आगे यात्रा के लिए निकल जाएंगे।



## कला साधना है इसे पाने करें मेहनतः निहारिका साहू

**राजिम।** कोपरा से माघी पुन्नी मेला में पहुंची रामायण मंडली के गायिका निहारिका साहू ने शानदार कार्यक्रम की प्रस्तुति देने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि कला साधना है इसे प्राप्त करने के लिए बड़ी मेहनत लगती है। मेहनत से जी चुराने वाला व्यक्ति किनारे हो जाता है और जिसमें तस्वीर बदलने की सोच होती है वह मेहनत करते रहते हैं। नतीजा एक अच्छे मुकाम उन्हें प्राप्त होता है। बचपन से पिता संतोष साहू एवं मां की आशीर्वाद से लगातार संगीत सीख रही हूं।



गायन के लिए कोई मैं स्पेशल कोर्स नहीं किया है। रामायण मंडली के माध्यम से लगातार अवसर मिलता गया और अब मंडली से निकलकर जगराता ग्रुप तथा लोक कला मंच में भी प्रस्तुति दे रही हूं। वह कहती हैं कि कला साधना मां सरस्वती का वरदान है। श्रीराम संगीत कला केंद्र के सानिध्य में मेरी नई एल्बम दर्शकों के बीच आए हैं, इसकी खूब प्रशंसा की जा रही है। आने वाले समय में छत्तीसगढ़ की संस्कृति को आगे ले जाने के लिए मैं खुद मेहनत कर रही हूं। वैसे भी मैं लोक संगीत में खैरागढ़ यूनिवर्सिटी से डिप्लोमा कर रही हूं। आगे इनके सेवा में ही जीवन गुजरे ऐसी मेरी तमन्ना है। कु. निहारिका साहू ने बताया कि शादी होने के बाद भी मैं कला संगीत से जुड़ी रहूंगी। राजिम माघी पुन्नी मेला तो विश्व का उत्कृष्ट मंच है, ऐसा जगह कार्यक्रम की प्रस्तुति देना अपने-अपने गौरव की बात होती है। बता दें कि निहारिका साहू की छोटी बहन लक्ष्मी साहू भी शानदार गीत गाती है। उनका पूरा परिवार गीत संगीत से जुड़ा हुआ है। निहारिका साहू वर्तमान में पढ़ाई कर रही है। इस बीच लोक कला के लिए समय निकालकर संगीत के स्वर पर हमेशा गुनगुनाती है। उन्होंने जैसे ही कार्यक्रम की प्रस्तुति दी पूरा दर्शक दीर्घा खचाखच श्रद्धालुओं से भरा रहा और इन्हें खूब सराहना भी मिली।

## लोककला मंच में सामाजिक चेतना का भाव होना चाहिएः दिलीप षडंगी

**राजिम।** माघी पुन्नी मेला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए संगीत सम्राट दिलीप षडंगी ने कहा कि आज तक मैंने किसी का दिल नहीं दुखाया है कोई मेरा दुश्मन नहीं है। लोक कला मेरे रग-रग में बसा हुआ है। प्रस्तुति के दौरान सामाजिक चेतना का भाव होना बहुत जरूरी है। लोक संस्कृति शाशवत है इसमें वह बात होती है जो दिल की धड़कन को बढ़ा देते हैं। उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ी फिल्म में अच्छा कैरियर है लगातार प्रोग्रेस कर रहे हैं भले सोशल मीडिया का जमाना है।



यूट्यूब के माध्यम से पूरी फिल्में देखी जाती है। जब छत्तीसगढ़ी फिल्में लगे तो उन्हें देखने के लिए टिकट कटाकर जरूर जाए। आपका 50 रूपए किसी प्रोड्यूसर के लिए पचास लाख के बराबर है। यदि आप टिकट देकर उन्हें देखते हैं तो इससे बड़ा आशीर्वाद उनके लिए और कुछ नहीं हो सकता। एक्टिंग करना मुझे बहुत अच्छा लगता है। उन्होंने अपनी कला यात्रा पर चर्चा करते हुए कहा कि ड्रामा से कला क्षेत्र में मेरा पदार्पण हुआ। बशीर गुरुजी ने मुझे बहुत कुछ सिखाया। मैं बड़ा रोल करना चाहता था लेकिन मुझे मदारी नहीं बल्कि जमूरे का रोल दिया गया। इसमें मेहनत तो किया लेकिन छोटा रोल होने के कारण मैं खूब रोया। मंचों में जैसे ही प्रस्तुति दी उसके बाद तो मुझे मेरे नाम पर प्रसिद्धि का लेबल चल गया और आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त हुआ। मंचीय प्रस्तुति के दरमियान मुझे बहुत डर लगता है जब तक गाना पूर्ण नहीं होता, चिंता बनी रहती है। इसी उहापोह की स्थिति में कार्यक्रम बहुत ही अच्छा जम जाता है।

## महिला समूह संभाल रही है राजिम मेले में भोजन की जिम्मेदारी

**राजिम।** राजिम माघी पुन्नी मेला में आने वाले कलाकारों एवं अतिथियों के लिये उश्रम भोजन की व्यवस्था शासन द्वारा की गई है। इस कार्य में जिला एवं जनपद पंचायत के कर्मचारी सहित बिहान महिला समूह के सदस्य अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा के साथ निभा रहे हैं। भोजन व्यवस्था में चार महिला समूह कार्यरत है। समूह की मुखिया श्रीमति संध्या ठाकुर, श्रीमति भारती साहू एवं श्रीमति धानबाई ने बताया कि हमारी समूह की सभी सदस्य सुबह से रात तक भोजन व्यवस्था में रहती है। इसके आलावा 6 महिलाएं और 5 पुरूष भोजन बनाने में लगे हुए है। भोजन बनाते समय शुद्धता, पवित्रता और स्वच्छता का पूर्ण ख्याल रखा जाता है। प्रतिदिन लगभग 5 से 6 सौ लोग यहाँ आकर भोजन प्राप्त कर रहे है। भोजन में दाल, चाँवल, दो सब्जी, रोटी, आचार, पापड़ और सलाद दिया जाता है। श्रीमती भारती साहू और संध्या ठाकुर सहित धान बाई ने संयुक्त रूप से बताया कि हमें प्रसन्नता है कि यहाँ पर खाना खाने आने वाले समस्त अतिथि खाना खाकर काफी संतुष्ट और प्रसन्न होते है और भोजन की गुणवत्ता की तारीफकरते है। हमने पिछले वर्ष भी भोजन व्यवस्था की जिम्मेदारी निभाई थी। हमारी कार्यशैली और भोजन व्यवस्था से खुश होकर प्रशासन ने हमें इस वर्ष पुनः भोजन की व्यवस्था दी है। जिसकी जिम्मेदारी हमारा समूह पूरी निष्ठा और मेहनत के साथ अपनी जवाबदेही समझते हुए कर रहे हैं। हम सभी को अतिथि देवो भवः की भावना से भोजन कराते है।

# राजिम मेले में राज्य स्तरीय रामायण प्रतियोगिता : वियतनाम और श्रीलंका की टीम भी करेंगे रामायण की प्रस्तुति

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजिम।** छत्तीसगढ़ के प्रयाग राज त्रिवेणी संगम राजिम में राज्य स्तरीय रामायण प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी जिलों के रामायण मंडली रामनाम पर व्याख्या देंगे। वहीं बुधवार की शाम को रामायण मंडली की प्रस्तुति देने वियतनाम और श्रीलंका की टीम भी राजिम पहुंच चुकी है। तीन दिवसीय आयोजित रामायण प्रतियोगिता से पूरा मेला क्षेत्र राममय नजर आएगा। इसकी विशेष तैयारी को लेकर संस्कृति, पर्यटन एवं धर्मस्व के सचिव अन्बलगन पी बुधवार को निरीक्षण करने राजिम मेला पहुंचे।



इस अवसर पर गरियाबंद कलेक्टर प्रभात मलिक, संस्कृति विभाग के संचालक विवके आचार्य, जिला पंचायत सीईओ रीता यादव, अपर कलेक्टर अनिनाश भोई, उपसंचालक संस्कृति प्रताप पारेख, उमेश मिश्रा, राज्य स्तरण रामायण मंडली प्रतियोगिता के सहायक नोडल अधिकारी युगल तिवारी सहित आला अधिकारी मौजूद थे। इस दौरान अधिकारियों ने श्रीलंका एवं वियतनाम से पहुंची टीम का स्वागत करते हुए उनसे चर्चा की। इसके बाद सचिव अन्बलगन पी ने भगवान श्री राजीव लोचन मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की और सीता बाड़ी, मेला स्थल, रामायण मंच का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**सुबह 10 से शाम 6 बजे तक होगी प्रस्तुति**

राज्य स्तरीय रामायण प्रतियोगिता का आयोजन 16 से लेकर 18 फरवरी तक नदी में बने विशाल डोम मंच पर किया जाएगा।

प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार 16 फरवरी दिन गुरुवार को सुबह 10:00 बजे से लेकर शाम 6:00 बजे तक प्रस्तुतियां होगी जिनमें 14 जिले की मानस मंडली रायपुर, धमतरी, दुर्ग, महासमुंद, गरियाबंद, बेमेतरा, राजनांदगांव, बिलासपुर, कांकेर, मुंगेली, रायगढ़, बलौदा बाजार भाटापारा, खैरागढ़ छुई खदान गंडई, कवर्धा तथा 17 फरवरी को गौरेला पेंड्रा मरवाही, जांजगीर-चांपा, सक्ति, मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी, सूरजपुर, कोरिया कोंडागांव, कोरबा, जशपुर, बस्तर जगदलपुर, सरगुजा, बालोद, नारायणपुर, बीजापुर और 18 फरवरी को सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक सुकमा, बलरामपुर, सारंगढ़ बिलाईगढ़, मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर, दंतेवाड़ा जिला के मंडली प्रस्तुति देंगे। इस दरमियान विदेश की दो रामायण टीम वियतनाम और श्रीलंका की प्रस्तुति मुख्यमंच पर होगी। इस आयोजन को लेकर जिले ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में उत्सुकता बनी हुई है।






















## खास खबर

### पार्सल ब्वाय बनकर ठगी को अंजाम देने वाला ठग गिरफ्तार

**रायपुर।** पार्सल ब्वाय बनकर ठगी को अंजाम देने वाले शातिर ठग सैय्यद आसिफ को गिरफ्तार किया है। आरोपित ने रायपुर और दुर्ग में 30 से 35 जगहों पर ठगी की वारदात की है। आरोपित अस्पताल, क्लीनिक के आस-पास के दुकान, हेल्थ क्लब, किराना स्टोर के संचालकों को निशाना बनाता था। आरोपित खुद को डाक्टर होना बताकर पीड़ितों को अपना शिकार बनाता था। आरोपित अपना फर्जी पार्सल पीड़ितों के पास भेजकर उनसे पार्सल प्राप्त करने एवं उसके बदले पार्सल ब्वाय को नकद रकम देने के लिए फोन करता था। उसके कब्जे से एक मोबाइल फोन जब्त किया गया है। बता दें आरोपित लगभग एक वर्ष से ठगी की वारदात कर रहा था। घटना करने के बाद वह मोबाइल बंद कर देता था। आरोपित शुरुआत में जोमैटो में डिलेवरी ब्वाय का काम करता था। इसके बाद वहीं से उसके दिमाग में यह तरीका सूझा और फिर ठगी करने लगा। प्रार्थिया प्रीत आहुजा ने थाना देवेंद्र नगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी दुकान देवेंद्र नगर में है। 21 अक्टूबर 2022 को लगभग दोपहर तीन बजे के एक अज्ञात मोबाइल नंबर से फोन आया। उसने अपना नाम डा. राजेंद्र वर्मा और खुद को यशोदा अस्पताल का डाक्टर होना बताया। आोरपित ने प्रार्थिया को फोन करके कहा कि मेरा अस्पताल आपके दुकान के बगल में है, मैं अस्पताल में नही हूं मेरा एक पार्सल आया है, जिसमें मरीज की आवश्यक दवाईयां है उसको तुरंत फ्रिज में रखना है। आपकी दुकान में फ्रिज है, एक पार्सल ब्वाय जिसका नाम सैय्यद आसिफ अली अभी मिलेगा। उससे दवाई ले लें और उसको दो हजार नकद दे देना। वहीं यह भी कहा कि शाम को दवाई ले लूंगा और पैसे भी दे दूंगा। जिस पर प्रार्थिया द्वारा ठीक है बोलते हुए थोड़ी देर में पार्सल ब्वाय के आने पर उससे नाम पूछकर सैय्यद आसिफअली होना बताने पर प्रार्थिया ने उसे नकद दो हजार रुपये दे दिए। रात में जब कोई दवा लेने नहीं आया तो प्रार्थिया ने यशोदा अस्पताल जाकर डॉ. राजेंद्र वर्मा के बारे में पता किया। वहां से जानकारी मिली कि कोई भी इस नाम का डाक्टर नहीं है। इसके बाद थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई।

### बलवा मामले के दो फरार 2 आरोपी हुए गिरफ्तार

**जांजगीर ( ए )।** गाय खोजने के बहाने घर का ताला तोड़कर मारपीट करने व गाली गलौज करने वाले फरार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इससे पहले भी पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार किया था। 27 दिसंबर को एक युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बिरगहनी निवासी संजीव कुमार सांडे एवं अन्य लोग 25 दिसंबर की रात दरवाजा कुंडी को तोड़कर घर में घुसकर गाय खोजने के बात को लेकर जान से मारने की धमकी देकर अश्लील गाली गलौज कर मारपीट व छेडखानी करने की शिकायत की थी। पुलिस ने आरोपियों पर जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया था। इस दौरान 6 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी संजीव कुमार सांडे एवं विवेक कुमार सांडे दोनों को गिरफ्तार किया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**बालोद ( ए )।** ग्राम सिकोसा-ईरागुडा मुख्य मार्ग पर नाले के पास अज्ञात चारपहिया वाहन की टक्कर से मनोहर देवागंन (23) घायल हो गया। उनका इलाज राजनांदगांव के निजी अस्पताल में चल रहा है। बघमरा गुंडरदेही निवासी डोमेन्द्र देवागंन ने बताया कि 11 फरवरी को बड़ा भाई मनोहर देवागंन बाइक में ग्राम सिकोसा दवाई लेने गया था। वहां से वापस बघमरा आ रहा था। इसी दौरान शाम 6.30 बजे ग्राम सिकोसा ईरागुडा के बीच मेन रोड पर दुर्ग तरफसे आ रहे चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे मनोहर सड़क किनारे गिर गया। घायल अवस्था में ग्राम बिरेतरा निवासी धर्मेन्द्र साहू ने गुंडरदेही सीएचसी पहुंचाया। यहां से प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव ले गए थे। जहां रविवार को डॉक्टर न होने की वजह से निजी अस्पताल में भर्ती कराए हैं।

# नौकरी डॉट कॉम पर युवती ने किया रिज्यूम अपलोड, इधर शातिर ने ठग लिए 98 हजार

श्रीकंचनपथ न्यूज



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में नौकरी की तलाश कर रही युवती से 98 हजार 500 रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। युवती ने नौकरी डॉट कॉम में अपना रिज्यूम अपलोड किया था। इसके बाद अनजान कॉलर ने खुद को नौकरी डॉट कॉम का एग्जिक्यूटिव बताते हुए युवती को झांसे में लिया और अलग-अलग बहाने से 98 हजार 500 रुपए अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए। युवती को जब ठगी का अहसास हुआ तो उसने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। मामले में सरकंडा पुलिस ने अज्ञात कॉलर के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

सरकंडा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंगला गंगा नगर निवासी मेघा दुबे (21) ने अपनी शिकायत में बताया कि उसने 11 फरवरी 2023 को नौकरी डॉट कॉम में अपना रिज्यूम अपलोड किया था। 12 फरवरी 2023 को युवती खमतराई गई थी उसी समय उसके मोबाइल नंबर 8305863163 पर मोबाइल नंबर 8447963821 से कॉल आया। सामने से कॉलर ने कहा कि वह नौकरी डाट काम से बोल रहा है। आपने रिज्यूम डाला था इसलिए आपका इंटरव्यू होगा। इंटरव्यू के लिए कॉलर ने 2500 रुपए, डाक्यूमेंट के लिये 8500 रुपए की मांग की।

नौकरी के नाम पर युवती मेघा दुबे ने ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद कॉलर ने एचडीएफसी में जाब की बात कही और उसके लिये 16000 रुपए मांगे। इंटरव्यू, डाक्यूमेंट, तथा जाब के नाम पर मोबाइल नंबर 8447105069 पर गुगल पे करने कहा। इसके बाद कॉलर ने रिफंड के नाम पर 71,500 ले लिए। इसके बाद मोबाइल नंबर 9971806355 पर 20,500 रुपए फोन पे भी किया। इतने रुपए देने के बाद कॉलर 30 हजार रुपए और मांगने लगा। यहां पर युवती का माथा ठनका और उसे ठगी का अहसास होने लगा। युवती ने इस मामले में थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत पर पुलिस ने मोबाइल नंबर 8447963821, 8447105069, 9971806355 धारक पर धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है।

#### नंदिनी में मासूम से दुष्कर्म

## पड़ोसी युवक ने बच्ची को अकेली पाकर किया गंदा काम पुलिस गिरफ्त में आरोपी

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** नंदिनी थाना क्षेत्र में एक 6 साल की मासूम से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पड़ोसी युवक ने बच्ची को घर पर अकेला पाकर यह गंदा काम किया। घटना की सूचना पर नंदिनी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी युवक के खिलाफ धारा 376 सहित पॉक्सों एक्ट की धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

नंदिनी नगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार यहां रहने वाली 6 साल की मासूम से पड़ोसी युवक ने दुष्कर्म किया। बच्ची के माता पिता काम से बाहर गए हुए थे इस दौरान बच्ची घर पर अकेली थी। इस दौरान सुबह लगभग 10 बजे पड़ोस में रहने वाला अमन विश्वकर्मा (21) बच्ची के पास पहुंचा। युवक बच्ची को अपने साथ घर ले गया और उसके साथ गंदा काम किया और वहां से भाग गया। शाम को बच्ची के माता-पिता लौटे तो बच्ची रोते देखा।

बच्ची ने अपनी मां को बताया कि पड़ोसी युवक ने उसके साथ क्या किया। बच्ची ने रोते हुए बताया कि उसे दर्द हो रहा है। इसके मां को पता चला कि उसकी बच्ची के साथ क्या हुआ। इसके बाद माता पिता ने नंदिनी थाने पहुंचकर इसकी शिकायत दर्ज कराई। शिकायत दर्ज होने के बाद थाना प्रभारी राजेश मिश्रा के निर्देश पर आरोपी युवक की तलाश की गई। आरोपी युवक को पुलिस ने उसके घर से ही गिरफ्तार किया।

# ट्रेलर से कुचलकर जीजा-साले की मौत: गांव में घूमने निकले थे दोनों, तेज रफ्तार वाहन ने बाइक को मारी टक्कर

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायगढ़ ( ए )।** रायगढ़ जिले के ग्राम तिलगा भगोरा में बुधवार को एक तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आकर बाइक सवार जीजा-साले की मौत हो गई। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया, जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। सूचना मिलने पर पहुंची चक्रधर नगर थाना पुलिस ने मृतक के परिजनों को 25-25 हजार रुपए की मुआवजा राशि दी, तब जाकर चक्काजाम खत्म किया गया।

मामला चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के ग्राम तिलगा-भगोरा का है। यहां आनंद राम सिदार (27 वर्ष) अपने साले अनेश सिदार (21 वर्ष) के साथ बाइक से गांव में घूमने निकला था। इसी दौरान तिलगा-भगोरा मार्ग पर अज्ञात ट्रेलर चालक ने तेज और लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक सवार जीजा-साले को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे मौके पर ही दोनों की मौत हो गई। इसके बाद ट्रेलर चालक मौके से फरार हो गया।

ग्रामीणों ने घटना की सूचना चक्रधर नगर थाने में दी। जिसके बाद तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची। इधर घटना से गुस्साए ग्रामीण और परिजनों ने चक्काजाम कर दिया। इससे वहां गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। पुलिस ने उन्हें काफी समझाने-बुझाने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं माने। मौके पर प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे और उन्होंने मृतकों के परिजनों को तत्काल 25-25 हजार रुपए की सहायता राशि दी, जिसके बाद चक्काजाम खत्म किया गया। घटनास्थल पर जमा भीड़।

पुलिस ने फिलहाल जीजा-साले दोनों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। वहीं फरार ट्रेलर चालक की तलाश की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि तेज रफ्तार वाहनों पर लगाम लगाने में पुलिस नाकाम साबित हो रही है। लगातार सड़क हादसों में लोग अपनी जान गंवा रहे हैं, लेकिन कोई कड़ी कार्रवाई नहीं की जाती। उन्होंने कहा कि भारी वाहन भी सड़क पर तेज रफ्तार और बेलगाम तरीके से चलते हैं, उस पर भी लगाम नहीं लगाई जा रही। चक्काजाम के कारण 2 घंटों तक कोयला परिवहन पूरी तरह ठप हो गया।

# अवैध पैथोलेब सेंटर क्लीनिक को किया सील

**जांजगीर-चांपा ( ए )।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के दिशा निर्देशन में चिकित्सा विभाग, राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जिला मुख्यालय के वार्ड नंबर 22 में संचालित पैथोलैब कलेक्शन सेंटर एवं क्लीनिक तथा ग्राम पेंड्री में संचालित तिवारी क्लीनिक पर छापामार कार्रवाई किया गया। तहसील कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 22 जांजगीर में श्री राम मेडिकल स्टोर के पीछे पैथोलैब कलेक्शन सेंटर एवं क्लीनिक का संचालन किया जा रहा था। जिसमें अवैध रूप से बिना किसी डिग्री के मरीजों का इलाज एवं जांच राधेश्याम साहू पिता राम साहू द्वारा किया जा रहा था।

संयुक्त टीम द्वारा राधेश्याम साहू से पैथोलैब एवं क्लीनिक की वैध दस्तावेज दिखाने की मांग की गई। जिसमें उनके द्वारा किसी भी प्रकार के दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। जिस पर क्लीनिक एवं पैथोलैब को सील किया गया। इसी प्रकार ग्राम पेंड्री में पेट्रोल पंप के सामने सतीश तिवारी पिता आर बी तिवारी द्वारा तिवारी क्लीनिक का संचालन किया जा रहा था। संयुक्त टीम द्वारा नर्सिंग होम एक्ट के तहत पंजीयन एवं क्लीनिक संचालन संबंधी आवश्यक दस्तावेज की मांग किए जाने पर किसी भी प्रकार के दस्तावेज प्रस्तुत किए जाने में असमर्थता बताई।

# खड़ी कार में लगी आग, जानबूझ कर नुकसान पहुंचाने को लेकर रिपोर्ट दर्ज



**रायपुर ( ए )।** गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में आगजनी का मामला सामने आया है। खड़ी कार में आग लग गई। पुलिस ने आगजनी की धारा के तहत अपराध कायम कर मामले की जांच शुरू की दी है। पुलिस को घटना स्थल का सीसीटीवी फुटेज मिला है। मिली जानकारी के अनुसार घटना सुबह लगभग चार से पांच बजे की है। मकान के सामने कार खड़ी थी, जिसमें आग लग गई। पहले डायल-112 को सूचना दी गई, जहां से फायर ब्रिगेड बुलाकर आग पर काबू पाया गया। आग लगने से कार पूरी तरह से जल गई। उसमें रखी आरसी बुक और इंश्योरेंस कागज पूरी तरह जलकर खाक हो गया।

गुढ़ियारी थाने में प्रार्थी संजय वर्मा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई। शिकायत पर पुलिस ने जांच की तो सामने आया कि प्रार्थी संजय वर्मा की अर्टिका कार घटना स्थल पर खड़ी थी, उपेंद्र गुप्ता पिंटू 11 फरवरी की सुबह प्रार्थी के गाड़ी के पास अपनी गाड़ी खड़ी की। कुछ समय बाद प्रार्थी की कार में आग लग गई। उपेंद्र गुप्ता उर्फ पिंटू वापस आकर अपनी गाड़ी वहां से हटा दिया। उपेंद्र गुप्ता जान बूझकर सुनियोजित तरीके से प्रार्थी के उक्त अर्टिका वाहन को आग लगाकर तीन लाख रुपये करीब का नुकसान पहुंचाया गया।

### इलेक्ट्रिक दोपहिया में अचानक लगी आग, जलकर खाक

राजधानी रायपुर कोतवाली थाना क्षेत्र सदरबाजार में मंगलवार की दोपहर को इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन में अचानक आग लग गई। इससे वह जलकर खाक हो गई और बगल में खड़ी दूसरी गाड़ी भी जल गई। इंटरनेट मीडिया इस घटना का वीडियो तेजी से प्रसारित हुआ। बताया गया है कि दोपहर करीब 3.30 बजे आग लगने के बाद तेजी से बढ़ी और देखते ही देखते दुकान के सामने खड़ी गाड़ियां जल गईं। इस दौरान आसपास अफरा-तफरी का माहौल रहा। पुलिस के अनुसार आसपास के लोगों ने बताया कि गाड़ी में पहले शार्ट सर्किट हुई, जिसके बाद आग लग गई। गौरतलब है कि राजधानी में आए दिन कहीं न कही आगजनी की घटना सामने आ रही है।

#### रिटायर्ड अफसर के घर में घुसकर नकाबपोशों ने किया अटैक

# पति-पत्नी पर चाकू अड़ाकर मांगे गहने और पैसे, 16 साल की नातिन को किया घायल

**बिलासपुर ( ए )।** बिलासपुर में घर घुसकर दो नकाबपोश लुटेरों ने BSNL के रिटायर्ड अफसर और उनकी पत्नी पर चाकू से हमला कर दिया। रात में घर में घुसे लुटेरों ने धमकाते हुए पहले उनसे गहने और पैसे मांगे। उनके मना करने पर चाकू निकालकर हमला कर दिया। इस दौरान बीच-बचाव कर शोर मचाने पर हमलावरों ने 16 साल की उनकी नातिन को भी चाकू मार दिया। घायल अफसर और उनकी पत्नी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र की है।

नर्मदा नगर में रहने वाले राधेश्याम चौकसे (74) BSNL के रिटायर्ड अफसर हैं। घर में वे अपनी पत्नी सीता चौकसे (70) व नातिन विदूषी (16) के साथ रहते हैं। उनके परिवार के अन्य सदस्य रायपुर में रहते हैं। बुधवार की रात करीब नौ बजे तीनों घर में थे। उसी समय दो नकाबपोश युवक घुस गए। हाथ में चाकू रखे दोनों युवकों ने उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए गहने और पैसों की मांग करने लगे।



### गहने व पैसे नहीं देने पर चाकू से किया हमला

इस दौरान रिटायर्ड अफसर चौकसे ने कहा कि उनके घर में गहने व पैसे नहीं है तो कहां से देंगे। उनकी बातों को सुनकर लुटेरों ने मारपीट शुरू कर दी और उनके ऊपर चाकू से हमला कर दिया। देखते ही देखते लुटेरों ने उनकी पत्नी को भी चाकू मार दिया, जिससे दोनों खून से लथपथ होकर घायल हो गए।

इधर, मारपीट और शोर शराबे की आवाज सुनकर विदुषी कमरे से बाहर निकलकर बीच-बचाव करने लगी। वह चिल्लाकर शोर मचाने लगी, तब लुटेरों ने उसे भी चाकू मार दिया। चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोगों के आने की आशंका से लुटेरे भाग निकले।

इस हमले में लहूलुहान दादा-दादी को देखकर विदूषी घबरा गई। उसके शोर मचाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग पहुंचे। उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दी। फिर दोनों पति-पत्नी को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। खबर मिलते ही सिविल लाइन टीआई परिवेश तिवारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गई। पुलिस विदूषी से घटना के संबंध में जानकारी लेकर लुटेरों की तलाश कर रही है।

### आसपास में नहीं है सीसीटीवी कैमरे

इस घटना के बाद पुलिस अफसरों के साथ ही एसीसीयू की टीम भी पहुंच गई। पुलिस ने पूछताछ के बाद आसपास सीसीटीवी कैमरों की तलाश करने लगी, ताकि, लुटेरों के हुलिए से उनकी पहचान की जा सके। लेकिन, पुलिस को कहीं सीसीटीवी कैमरा नहीं मिला। पुलिस दुकानों से सीसीटीवी फुटेज खंगालकर संदेहियों की जानकारी जुटा रही है।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

खास - खबर

## नेतृत्व विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम 'कर्मवीर' के तीसरे संस्करण का सफल आयोजन

**भिलाई ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन विकास विभाग के द्वारा विशेष नेतृत्व विकास प्रषिक्षण कार्यक्रम 'कर्मवीर' के तीसरे संस्करण का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को विषेष रूप से राष्ट्रीय पुरस्कार (श्रम/विष्वकर्मा/क्वालिटी सर्कल प्रतियोगिता आदि) विजेता गैर कार्यपालकों के लिये डिजाईन किया गया है। इस कार्यक्रम में संयंत्र के विभिन्न विभागों से आये हुये 29 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम के फैकल्टी/प्रषिक्षक महाप्रबंधक (मानव संसाधन विकास विभाग) अमूल्य प्रियदर्षी रहे। इस कार्यक्रम के चार सत्रों के दौरान प्रतिभागियों से विभिन्न प्रकार की अभिनव टीम गतिविधियाँ कराई गई, जिनकी प्रतिभागियों द्वारा मुक्त कंठ से सराहना की गई। इस कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में महाप्रबंधक संजय धर द्वारा कार्यक्रम के उद्देष्यों और उपयोगिता पर प्रकाष डाला गया। समापन सत्र में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित मुख्य महाप्रबंधक सुश्री निषा सोनी ने प्रतिभागियों से फीडबैक लिया। मुख्य महाप्रबंधक निषा सोनी ने अपने उद्बोधन में प्रतिभागियों से प्राप्त फीडबैक पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रतिभागियों को कहा किया कि वे इस कार्यक्रम में प्राप्त इनपुट्स और अनुभव का सदुपयोग अपने कार्यस्थल में करें एवं अपने सहकर्मियों के साथ साझा करें।

## ई-फार्मेसी के चलते देश के करोड़ों रिटेल केमिस्टों का व्यापार बुरी तरह प्रभावित - अमर पारवानी

**रायपुर।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल एवं मीड़िया प्रभारी संजय चौंबे ने बताया कि देश में अनेक बड़े विदेशी और देसी कॉर्पोरेट कंपनियों द्वारा की जा रही ऑनलाइन फ़ार्मेसी द्वारा ड्रग एवं कॉस्मैटिक क़ानून की लगातार अवहेलना करते हुए आपूर्ति की जा रही दवाइयों ने न केवल देश के करोड़ों थोक और खुदरा केमिस्टों के व्यापार को बुरी तरह प्रभावित किया है बल्कि उपभोक्ता विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के कारण भारतीय उपभोक्ताओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य को खतरे में डालते जा रहे हैं। इस मुद्दे पर कन्फ़ेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री मनसुख मंडाविया से इस महत्वपूर्ण मुद्दे को तत्काल प्रभाव से संज्ञान में लेने का आग्रह किया है। इस विषय की गंभीरता को देखते हुए कैट ने मार्च के पहले सप्ताह में देश के विभिन्न राज्यों की प्रमुख केमिस्ट एसोसिएशनों का एक राष्ट्रीय सम्मेलन नई दिल्ली में आयोजित करने का निर्णय लिया है।

## हिन्द सैनिकों ने राष्ट्रभक्ति के मार्ग पर चलने की शपथ ली

**भिलाई ।** राष्ट्रहित में समर्पित हिंद सेना समाजसेवी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मंगेश वैद्य के निर्देशानुसार राष्ट्रीय प्रतिनिधि पूर्व पार्षद संतोष महानंद एवं कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष एल्डरमैन संजय साहू के नेतृत्व में पुलवामा में शहीद हुए सीआरपीएफ के जवानों को श्रद्धांजलि देकर क्षेत्रवासियों को प्रेरित करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में रैलियां नुक्कड़ सभाएं व अन्य देश भक्ति पूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए गए ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व पार्षद प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश वर्मा,प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज सिंह, पूर्व पार्षद प्रदेश महामंत्री संगीत सोरी,अमन मजूमदार, सुदीप पांडे,देवेंद्र तांडी सहित हिन्द सेना के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित थे।

महापौर नीरज पाल की मांग पर चुंगी क्षतिपूर्ति की दर में वृद्धि करने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने की घोषणा

# भिलाई निगम को विभिन्न विकास कार्यों के लिए मिलेंगे 60 करोड़

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई ।** प्रबोधन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कई बड़ी घोषणाएं नगरीय निकाय के विकास कार्यों के लिए की है। प्रबोधन कार्यक्रम में भिलाई निगम के महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास भी शामिल हुए। इसमें कई नगरीय निकाय के महापौर ने अपने निकाय क्षेत्रों में चल रहे शासकीय योजनाओं को प्रबोधन कार्यक्रम के जरिए बताया, जिसमें भिलाई निगम के महापौर नीरज पाल ने भिलाई में हो रहे विकास कार्यों तथा शासन की योजनाओं के लाभ के बारे में मुखरता से बताया।



वहीं उन्होंने इसी दरमियान चुंगी कर क्षतिपूर्ति में वृद्धि करने की मांग मुख्यमंत्री से की। माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी ने सहजता से महापौर नीरज पाल की मांग को स्वीकार करते हुए चुंगी कर जो कि वर्तमान में 26 रुपए प्रति व्यक्ति की दर से बनता है इसे बढ़ाकर 35 रुपए प्रति व्यक्ति की दर से करने की तत्काल घोषणा की। इस पर महापौर नीरज पाल ने मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त किया। चुंगी कर में बढ़ोतरी होने से भिलाई सहित अन्य निकाय के राजस्व में भी वृद्धि होगी। महापौर की इस पहल का अन्य लोगों ने भी स्वागत किया तथा सभी ने इसके लिए मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त किया। माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी ने भिलाई निगम में विकास कार्यों के लिए 60 करोड़ राशि देने की घोषणा की है। भिलाई के लिए जो घोषणाएं की गई है उनमें प्रमुख रुप से भिलाई में विश्व स्तरीय सेंट्रल लाइब्रेरी कम रीडिंग जोन बनेगा, सॉफ्टवेयर एवं हार्डवेयर सुविधा सहित बीपीओ खुलेंगे, रीपा की तर्ज पर भिलाई में अर्बन कॉटेज और सर्विस इंडस्ट्रीज पार्क तैयार होगा, शहरी महिला आजीविका केंद्र शुरू होगा, सी सी टीवी कैमरे भी लगेंगे।

### 25 करोड़ रुपए से दुर्ग को मिलेगी शिवनाथ रिवर फ्रंट सहित विकास की कई नई सौगात

**दुर्ग।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा आज प्रदेश के सभी नगरीय निकायों के गौरव समागम कार्यक्रम में विकास कार्यों के लिए कुल एक हजार करोड़ रुपए स्वीकृत किये गए हैं। दुर्ग शहर में विकास कार्य कराने के लिए नगर निगम को 25 करोड़ रुपए दिये गए हैं। स्टेट वेयर हाऊसिंग कार्पोरेशन के चेयरमेन, दुर्ग के विधायक अरुण वोरा ने 25 करोड़ रुपए मंजूर करने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति आभार व्यक्त किया है। वोरा ने कहा कि बीते चार साल में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने न सिर्फ दुर्ग बल्कि समूचे प्रदेश में विकास की नई इबारत गढ़ने का काम सफलतापूर्वक किया है।

# झिल्ली पन्नी विक्रय करने वालों के खिलाफ हुई कार्यवाही

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम, दुर्ग क्षेत्रांतर्गत प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग एवं विक्रय करने वालों पर नजर रखते हुए उन पर कार्रवाई की जा रही है। दुर्ग शहर को प्लास्टिक मुक्त और स्वच्छ एवं सुंदर दुर्ग बनाने की दिशा में आगे बढ़ते हुए निगम की टीम लगातार कार्रवाई कर ही है.प्रतिबंधित प्लास्टिक के विक्रय एवं उपयोग पर लगाम लगाने निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने इस कार्य के लिए टीम का भी गठन किया है साथ कार्रवाही के निर्देश दिए।

स्वास्थ्य अधिकारी एवं बाजार अधिकारी जावेद अली के नेतृत्व में बाजार विभाग टीम ईश्वर वर्मा, भुवनदास साहू, शशिकांत यादव, संकेत धर्माकर सहित टीम ने झिल्ली, पन्नी, सिंगल यूज प्लास्टिक एवं प्रतिबंधित प्लास्टिक पर कार्रवाई की जा रही है। बाजार अधिकारी जावेद अली ने बताया कि निगम की टीम ने इंदिरा मार्केट बाजार क्षेत्र का निरीक्षण किया और प्रतिबंधित प्लास्टिक का विक्रय करते हुए



पाए जाने पर 11 दुकानदारो से 22 सौ रुपये अर्थदण्ड वसूल करते हुए प्रतिबंधित प्लास्टिक को जप्त किया।निगम प्रशासन द्वारा बाजार विभाग टीम ने इंदिरा मार्केट क्षेत्र और बाजार क्षेत्र में प्रतिबंधित प्लास्टिक के विक्रय और उपयोग करने वालों को लेकर शहर का निरीक्षण किए और अर्थदण्ड वसूलने की कार्रवाई किए।कार्रवाई के लिये बाजार विभग के टीम ने 22 सौ रुपये जुर्माना वसूलने के साथ ही प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं कैरी बैग को जप्त किया। उल्लेखनीय है कि प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट नियम के तहत सिंगल यूज प्लास्टिक का विक्रय और उपयोग, परिवहन, उत्पादन एवं भण्डारण करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। प्रतिबंधित प्लास्टिक के दुष्प्रभाव से सभी वाकिफहै।

# बीएसपी के योगदान से अबूझमाड़ के 10 खिलाड़ियों ने अभा स्तर पर कांस्य पदक जीता

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। विगत दिनों उज्जैन में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2022 में सर्वश्रेष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए 201.25 अंक अर्जित कर छत्तीसगढ़ के महिला एवं पुरूष खिलाड़ियों ने टीम चैंम्पियन का खिताब अपने नाम करते हुए इतिहास रचा। खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2022 में छत्तीसगढ़ की मल्लखम्ब खिलाड़ियो की टीम ने कांस्य पदक पर पुनः कब्जा जमाया है। इस टीम में नारायणपुर अबुझमाड़ के 10 खिलाड़ियों ने कांस्य पदक प्राप्त कर टीम को सफलता दिलायी है।




खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2022, 07 फरवरी को उज्जैन में आयोजित की गई थी। इसमें छत्तीसगढ़ सहित देष के 15 राज्यों की मल्लखम्ब टीमों ने भाग लिया जिसमें मध्यप्रदेष 207.20 अंक प्राप्त कर प्रथम और महाराष्ट्र 205.60 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रही। नारायणपुर अबुझमाड़ के खिलाड़ियों से सुसज्जित छत्तीसगढ़ की टीम ने 201.25 अंक प्राप्त कर कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। छत्तीसगढ़ की इस टीम को भिलाई इस्पात संयंत्र ने विषेष योगदान प्रदान किया। इस सहयोग की बदौलत छत्तीसगढ़ की टीम यह उपलब्धि हासिल कर पायी। भिलाई इस्पात संयंत्र ने इस टीम को आर्थिक सहयोग प्रदान किया है। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र अपने संयंत्र परिधी के साथ खदान क्षेत्र में भी षिक्षा, स्वास्थ्य, खेल और जनसुविधाओं के विकास के लिए निरन्तर प्रयासरत रहता है। नारायणपुर क्षेत्र में संयंत्र विगत 15 वर्षों से खेल मेले का आयोजन करते आ रहा है। इसके साथ ही रावघाट क्षेत्र में फुटबाल प्रतियोगिता, नारायणपुर खेल मेला जैसे आयोजन कर राष्ट्रीय स्तर के खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने का प्रयास कर रहा है। संयंत्र के इसी प्रयासों का यह परिणाम है। कास्य पदक विजेता बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाडियों में शामिल है- बालक वर्ग में मानू ध्रुव, मोनू नेताम, श्यामलाल पोटाई, राकेश वरदा, संतोष सोरी और रविन्द्र कुमार तथा बालिका वर्ग सरिता पोयाम, दुर्गेश्वरी कुमेटी, संताय पोटाई, जयंती कचलाम, हिमांशी उसेंडी और शिक्षा दिनकर। दोनों वर्ग में इन 6-6 खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत तौर पर उपलब्धि हासिल करते हुए टीम को बढ़त दिलाई। इस बार सभी महिला एवं पुरूष खिलाड़ी के संयुक्त अंक जोड़कर पदक देने का नियम बनाया गया था जिसके कारण प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान निकाला गया जिसमें छत्तीसगढ़ मलखंभ दल तृतीय स्थान प्राप्त कर कास्य पदक पर कब्जा जमाया। छत्तीसगढ़ मलखंभ टीम की इस उपलब्धि के लिये नारायणपुर जिला प्रषासन, पुलिस प्रषासन, भिलाई इस्पात संयंत्र के खदान विभाग, निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग ने अपनी बधाई प्रेषित की है।

इसके साथ ही छत्तीसगढ़ मलखंभ टीम के महाप्रबंधक श्री प्रेमचन्द शुक्ला, प्रबंधक पुष्कर दिनकर, बिसन कसेर कोच श्री मनोज प्रसाद एवं श्रीमती पूनम प्रसाद एवं तकनीकी अधिकारी डॉ राजकुमार शर्मा ने टीम को बधाई दी है। छत्तीसगढ़ मलखंभ संघ के संरक्षक एवं भूतपूर्व बीडीए अध्यक्ष श्री अनिल टाह तथा उपाध्यक्ष राजा सरकार, कोषाध्यक्ष अनिल सिंह ने शुभकामनाएं दी हैं।

भिलाई में सभी निकाय की एनयूएलएम की महिलाओं को मिला प्रशिक्षण

# भिलाई सहित अन्य निकायों में आरंभ होंगे मिलेट्स कैफे

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई के प्रियदर्शनी परिसर पश्चिम में स्थित रेशने आवास में मिलेट्स व्यंजनों को लेकर जिले के सभी नगरीय निकाय के चयनित स्व सहायता समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया। भिलाई सहित दुर्ग जिले के अन्य नगरीय निकायों में कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा के निर्देश पर मिलेट्स कैफे प्रारंभ किए जाएंगे। यहां मिलेट्स से बनने वाले लोकप्रिय व्यंजन नागरिकों के लिए उपलब्ध होंगे। इसका संचालन एनयूएलएल से जुड़े महिला समूह के उद्यमी करेंगे।



इसके लिए जिले के सभी नगरीय निकाय के स्व सहायता समूह की महिलाओं को रायगढ़ से आए हुए मास्टर ट्रेनर रोहिनी पटनायक एवं एनूल नाहर ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में दुर्ग, भिलाई, चरोदा, रिसाली, उतई, धमधा, अहिवारा एवं भिलाई निगम की उपस्थित स्व सहायता समूह की महिलाओं को मिलेट के जरिए जैसे कोदो, कुटकी, रागी, ज्वार, बाजरा सहित अन्य अनाजों से बनने वाले उत्पाद जैसे दोसा, इटली, सांभर बड़ा, चीला एवं फरा इत्यादि बनाने के लिए प्रशिक्षित किया गया। उल्लेखनीय है कि महापौर नीरज पाल एवं निगमायुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर महिलाओं को मिलेट्स कैफे प्रारंभ करने के लिए प्रशिक्षित किया गया है। लजीज व्यंजन तैयार करने के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन दिनांक 13 फरवरी 2023 एवं 14 फरवरी 2023 को किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्व सहायता समूह की महिलाओं ने रुचि दिखाते हुए मिलेट्स के नए-नए व्यंजन बनाने सीखा। मिलेट्स कैफे खुलने के बाद हर कोई व्यक्ति कैफे में जाकर पौष्टिक व्यंजनों का आनंद ले पाएंगे। कैफे में छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व्यंजन नागरिकों के लिए उपलब्ध रहेगा। मिलेट्स के व्यंजन काफी स्वादिष्ट होते हैं अब नागरिकों को इसके लिए खास अनुभव होगा। दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से एनयूएलएल की नोडल अधिकारी प्रीति सिंह, सहायक परियोजना अधिकारी फणींद्र बोस, मिशन मैनेजर शीबा राबर्ट्, अमन पाटले, सामुदायिक संगठिका, सुलोचना धनकर तथा निकाय के महिला समूह के सदस्य के साथ संबंधित निकाय के सभी मिशन मैनेजर व सामुदायिक संगठिका उपस्थित रहे।

# नियमितीकरण नहीं कराने वाले दुकान/भवन को सील बंद करने की जाएगी कार्रवाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई ने अनाधिकृत विकास व निर्माण को लेकर सख्ती बरतना चालू कर दिया है। इसके लिए भिलाई निगम के जोन क्षेत्रों में सघन सर्वे किया जा रहा है। सर्वे उपरांत अनाधिकृत विकास व निर्माण का नियमितीकरण नहीं कराने वाले लोगों को नोटिस थमाया जा रहा है। नोटिस देने के बाद भी नियमितीकरण नहीं कराने पर सील बंद करने की कार्रवाई की जाएगी। भिलाई निगम ने भवन अनुज्ञा की स्वीकृति का प्रयोजन परिवर्तित करने वाले जैसे कि पार्किंग स्थल पर दुकान का उपयोग, पार्किंग स्थल पर स्टोर एवं वर्कशॉप आदि को लेकर भी नोटिस जारी किया है। अनाधिकृत विकास व निर्माण के तहत भवन अनुज्ञा के विपरीत निर्माण, मिली हुई स्वीकृति के विपरीत निर्माण, आवासीय प्रयोजन में व्यवसायिक निर्माण या बिना स्वीकृति के निर्माण करने वालों का नियमितीकरण किया जा रहा है तथा इसके लिए निगम प्रशासन बारंबार अपील कर रही है। फिर भी अनाधिकृत विकास व निर्माण का नियमितीकरण नहीं कराने वालों पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी तथा नोटिस देने के बाद भी नियमितीकरण नहीं कराने वाले भवन/दुकान को सीलबंद किया जाएगा। गौरतलब है कि निगमायुक्त रोहित व्यास ने अनाधिकृत विकास व निर्माण का नियमितीकरण कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं इसके लिए लक्ष्य भी प्रदान किया है। स्थानों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। नियमितीकरण कराने के लिए भिलाई निगम के मुख्य कार्यालय सहित सभी जोन कार्यालय में कार्यालयीन अवधि में कभी भी संपर्क किया जा सकता है।

# महाशिवरात्रि: एसएनजी स्कूल शिव मंदिर में 5000 पंच सहस्त्र महारुद्राभिषेक का आयोजन



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** एसएनजी स्कूल शिव मंदिर सेक्टर-4 में 18 फरवरी शनिवार को चेन्नई से आ रहे 4 पुजारियों द्वारा महाशिवरात्रि महोत्सव के शुभ अवसर पर 5000 पंच सहस्त्र महारुद्राभिषेक का आयोजन किया जा रहा है । इस रूद्र अभिषेक में भाग लेने वाले को एक हजार का रसीद कटवाना होगा । रुद्राभिषेक की महिमा पंडित प्रकाश शर्मा ने बताया कि कुछ विशेष मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए शिव का रुद्राभिषेक करना सबसे शुभ माना जाता है। उन्होंने रुद्राभिषेक के महत्व के संबंध में बताया कि भोलेनाथ सबसे सरल उपासना से भी प्रसन्न होते हैं, लेकिन रुद्राभिषेक उन्हें सबसे ज्यादा प्रिय है। कहते हैं कि रुद्राभिषेक से शिवजी को प्रसन्न करके असंभव को भी संभव कर शक्ति पा सकते हैं। रुद्राभिषेक में शुक्ल यजुर्वेद के रुद्राष्टाध्यायी के मंत्रों का पाठ करते हैं। रुद्राभिषेक करने से मनोकामनाएं जल्दी पूरी होती है। समिति के अध्यक्ष वी के बाबू ने बताया कि गोपाल खंडेलवाल के द्वारा 51 नदियों का जल इस पूजा में दिया जा रहा हैद्य उन्होंने आगे बताया कि आज 15 फरवरी से.सुबह 8.30 बजे से प्रारंभ होकर 18 फरवरी तक प्रथम पूजा: सुबह 8.30 बजे, द्वितीय पूजा: सुबह 10.30 बजे, तृतीय पूजा: संध्या 7.00 बजे अष्टद्रव्य महागणपति हवन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि दूध अभिषेक , दही अभिषेक, पंचामृत अभिषेक , घी अभिषेक मधु अभिषेक, गन्ना अभिषेक , डाब.अभिषेक , पनिनीर अभिषेक भस्म , अभिषेक महाद्वादश कलश अभिषेक दीप पूजा दूध अभिषेक दही अभिषेक घी अभिषेक मधु अभिषेक अंग वस्त्र (भगवान हेतु वस्त्र) नाग देवताओं के लिए दूध जलधारा, पीनविलक्क (दीप प्रज्जवलन) किया जाएगा द्य आयोजित इस पत्रकार वार्ता के दौरान टी यू सुनील कुमार ,सी बीजू ,पीएस सुरेश ,सीएन उल्लास , के वी प्रकाश चंद्र मौजूद थे।

# दुर्ग तहसील का औचक निरीक्षण किया कलेक्टर ने, समयसीमा से अधिक समय से लंबित प्रकरणों पर कलेक्टर ने की कार्रवाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा औचक निरीक्षण पर दुर्ग तहसील पहुँचे। यहां पर उन्होंने फाइलें निकालकर सभी लंबित प्रकरण देखें। कुछ प्रकरणों को काफी समय से आनलाइन रजिस्टर नहीं किया गया था। इस लापरवाही पर नाराजगी जाहिर करते हुए कलेक्टर ने रीडर तनसुख देशमुख और सुरेखा तिवारी को निलंबित कर दिया।



तहसील न्यायालयों में कुछ केस काफी समय पहले के थे और बार-बार इसकी तिथि टल रही थी जिसके कारण से प्रकरणों के निराकरण में विलंब हो रहा था। इस स्थिति पर नाराजगी जाहिर करते हुए कलेक्टर ने नायब तहसीलदार ढाल सिंह बिसेन, प्रीतम सिंह चैहान और सत्येंद्र शुक्ला को शोकाज नोटिस जारी किया। साथ ही अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में रीडर मोहम्मद कादिर को भी शो काज नोटिस जारी किया गया। कलेक्टर ने अनुविभागीय परिसर में स्थित सभी तहसील न्यायालयों की फाइलें देखीं। वे तहसील परिसर में आये आवेदकों से भी मिले और उनके आने का कारण पूछा। कुछ आवेदक राजस्व प्रकरणों को लेकर आये थे और कुछ पेशी में। कुछ आवेदक चिटफंड कंपनियों से संबंधित जानकारी के लिए आये थे।

कलेक्टर ने उन्हें आश्वस्त किया कि चिटफंड कंपनियों पर कार्रवाई लगातार जारी है और निवेशकों की राशि लौटाने की कार्रवाई लगातार की जा रही है। कलेक्टर ने तहसील कार्यालयों के निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया कि किसी भी प्रकरण में पटवारी और आरआई के प्रतिवेदन में विलंब नहीं होना चाहिए। यदि विलंब हो रहा है तो इसका स्पष्ट कारण होना चाहिए। सीमांकन के लिए तय की गई तिथि में टीम पहुंचना चाहिए और आवेदकों को इसकी पूरी जानकारी होनी चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि इस बात की लगातार मानिटरिंग की जाएगी। उन्होंने कहा कि राजस्व प्रकरणों के समयसीमा पर पूरा होने की जिम्मेदारी तहसीलदारों की है और वे इसे सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि प्रकरण के आते ही नियमानुसार इसके आनलाइन रजिस्ट्रेशन से संबंधित कार्रवाई शुरू हो जाए। समयसीमा से अधिक समय से लंबित प्रकरणों में लगातार सुनवाई कर फैसला शीघ्र किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि तहसीलों का औचक निरीक्षण इसी तरह से जारी रहेगा और कार्य में लापरवाही पाये जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर मीणा नियमित रूप से तहसील कार्यालयों और अनुविभागीय अधिकारी कार्यालयों का निरीक्षण कर रहे हैं और यहां आवेदनों के डिस्पोजल की स्थिति की समीक्षा कर रहे हैं। इस दौरान दुर्ग एसडीएम लक्ष्मण तिवारी भी मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950